नई दिल्ली
गुरुवार, 20 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 339
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 21.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



9 आईपीएल : लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली और पंजाब को पहले खिताब की आस


# 7 AIR #1 in one year
# It has to be ALLEN

ALLEN Results 2024 validated by
Official result validator
EY




## ALLENites made history in 2024

IITs
**4425**
ALLENites out of 17692 seats in 2024

AIIMS (MBBS)
**660**
ALLENites out of 2207 seats in 2024

GMCs
**10000+**
ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)

OLYMPIADS
**150** out of 334
Selections in Indian National Olympiads (INO) 2025

EVERY 4th SUCCESS STORY IS POWERED BY ALLEN

**25 TIMES AIR#1**
JEE & Pre-Medical in last 15 years from classroom

# ADMISSIONS OPEN AT DELHI - NCR

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8th to 12th & 12th Pass

SIGN-UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
23 & 30 MARCH

**NURTURE COURSE**
For students moving from class 10th to 11th
JEE (Main+Adv.): 03 APRIL
NEET (UG): 03 APRIL

**ENTHUSIAST COURSE**
For students moving from class 11th to 12th
JEE (Main+Adv.): 03 APRIL
NEET (UG): 03 APRIL

**LEADER COURSE**
For class 12th pass students
JEE (Main+Adv.): 22 APRIL
NEET (UG): 15 APRIL

**PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION**
For class 8th to 10th students
Starting From: 03 APRIL

**NEET (UG) 2025 CRASH COURSE**
Starting From: 27 MARCH

For more test dates & course start dates visit: allen.ac.in/delhi

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

**ALLEN STUDY CENTRES IN DELHI - NCR:**
Dwarka | Faridabad | Ghaziabad-RDC | Ghaziabad-Vasundhara | Gurugram | Janakpuri
Kalu Sarai | Lajpat Nagar | Malviya Nagar | Noida (U.P.) | Greater Noida West | NSP
Preet Vihar | Punjabi Bagh | Rewari | Bahadurgarh | South Extension (A.O.)

**ALLEN Delhi Center**
95136 85900 allen.ac.in/delhi

**ALLEN Kota Center**
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

## चांदनी चौक में गन प्वाइंट पर की थी लूट

# 80 लाख लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, 24 घंटे में खुला केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लाहौरी गेट थाना इलाके के चांदनी चौक हवेली हैदर कुली में हुई 80 लाख की लूट का मामला पुलिस ने 24 घंटों में सुलझा लिया है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 79.50 लाख रुपये और वारदात में इस्तेमाल पिस्टल, तीन कारतूस व एक स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार बदमाशों के नाम दरियागंज निवासी मोहम्मद अली और समीर बताये गये हैं। पुलिस ने खुलासा किया कि मुख्य साजिशकर्ता मोहम्मद अली है। वह 2023 में भी 10 लाख रुपये की लूट में गिरफ्तार हुआ था।

उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार 17 मार्च को गुजरात के पाटन निवासी और दिल्ली में आरके इंटरप्राइजेज के कर्मचारी अजमल भाई गणेश को शाम करीब छह बजे कूचा घासी राम में 80 लाख रुपये का पेमेंट मिली थी। रुपये बैग में रखने के बाद वह हैदर कुली फतेहपुरी स्थित अपने आवास की ओर जा रहे थे कि हवेली हैदर कुली के पास एक संदिग्ध ने बंदूक की नोंक पर उन्हें रोका और पैसों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। इस दौरान उसने गोली चलाकर सनसनी भी फैला दी। जाते समय भी फायरिंग कर बदमाश फरार हुआ था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। पता चला कि आरोपी ने कूचा घासी राम से पीड़ित का पीछा करना शुरू किया था और हैदर कुली के बाहर खड़े एक अन्य व्यक्ति के इशारे पर काम कर रहा था। बैग छीनने के बाद आरोपी मुख्य चांदनी चौक रोड की तरफ भागा था।

- कारोबारी के कर्मचारी को बनाया था निशाना

500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी को जामा मस्जिद दरीबा की तरफ से आते और बाद में उसी रास्ते से स्कूटी पर भागते देखा गया। जबकि दूसरा आरोपी फतेहपुरी मस्जिद के पास एक ऑटो में सवार हुआ था, फिर लाहौरी गेट की तरफ मुड़ गया। सीसीटीवी फुटेज से ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर पहचानने के बाद ऑटो चालक से पूछताछ की गई। उसने बताया कि शाम को एक व्यक्ति उसके ऑटो में बैठा था, लेकिन 10-20 मीटर की दूरी पर उतर गया था।

पुलिस टीम ने फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) का उपयोग करके आरोपी के चेहरे का विश्लेषण किया, जिसमें सिस्टम ने उसके चेहरे को पहले से गिरफ्तार व्यक्ति, दरियागंज के कुचा चालन निवासी मोहम्मद अली के चेहरे से मिलाया। टीम ने तुरंत दरियागंज में जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपने सह-आरोपी की पहचान दरियागंज निवासी समीर के रूप में की। इसके बाद समीर को भी पकड़ लिया गया।

## रेलवे में नौकरी का झांसा देकर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी में भगौड़ा घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर रेलवे में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी का आरोप था। आरोपी रंजन पासवान मयूर विहार का रहने वाला है। कोर्ट ने इसे 14 जनवरी को भगौड़ा घोषित किया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी रंजन पासवान एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। हाल ही में क्राइम ब्रांच की टीम ने मोबाइल फोन ट्रैकिंग (कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा) के साथ सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सहित उन्नत तकनीकी का इस्तेमाल किया। इसके बाद पासवान को तिलक ब्रिज रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया। रंजन पासवान 2010 में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ में ड्राइवर के पद पर कार्यरत था। यह एक प्रतिष्ठित सरकारी संगठन है। अवैध तरीकों से धन संचय करने के लिए इसने अपने आधिकारिक पद और सरकारी वाहन का दुरुपयोग करके भोले भाले लोगों का विश्वास हासिल कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया था। वह सरकारी वाहन में सवार होकर बैठकों में पहुंचता था और खुद को वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ मजबूत संबंधों वाले व्यक्ति के रूप में पेश करता था।

धोखाधड़ी के कार्यों में शामिल होने के कारण उसे 12 नवंबर 2021 को नैफेड से निकाल दिया गया था। इसके बाद भी इसने अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखा। इसके खिलाफ पांडव नगर और सनलाइट कालोनी थाने में केस दर्ज थे।

## खबर संक्षेप

### जुए के अड्डे पर रेड, चार लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। रनहौला पुलिस ने ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुए के अड्डे पर छापा मारकर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से कैश और जुआ खेलने में इस्तेमाल सामान जब्त किया गया है। पकड़े गये लोगों के नाम अजय झा, तिलक राज, अब्दुल मंसूरी और अर्जुन यादव है। ये सभी मोहन गार्डन और विकास नगर इलाके के रहने वाले हैं। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार हेड कांस्टेबल सुरेंद्र और रविंदर को इनके बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी नांगलोई जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ मुकेश कुमार की टीम ने विकास नगर के सुरक्षा विहार इलाके में इस जुए के अड्डे पर छापा मारा। चारों लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ रनहौला थाने में दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### बुजुर्ग दंपति की निर्मम हत्या को लेकर 'आप' ने भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा। 'आप' के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने बुधवार का प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भी दिल्ली में कानून-व्यवस्था संभालने में फेल हो गई है, जिससे लोग दहशत में है। मंगलवार को कोहाट एन्क्लेव में लूट के लिए बुजुर्ग दंपति की हत्या और फतेहपुरी में गन प्वाइंट पर व्यापारी से 80 लाख रुपए की लूट ने कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। मंगलवार को दिल्ली के बहुत पॉश इलाके कोहाट एन्क्लेव में 70 वर्षीय बुजुर्ग और उनकी पत्नी की बहुत निर्मम हत्या का मामला सामने आया है।

## मेट्रो विस्तार योजना के फेज-4 को समय से किया जाए पूरा : पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मेट्रो विस्तार योजना के फेज-4 को समय से पूरा करने के लिए कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) आपसी समन्वय से डबल डेकर फ्लाई ओवर और सड़क निर्माण में भी तेजी लाएं। यह बातें बुधवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने डीएमआरसी द्वारा मेट्रो फेज-4 के निर्माण में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक करने के बाद कही। इस बैठक में डीएमआरसी और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डीएमआरसी के अधिकारियों ने परिवहन मंत्री को मेट्रो फेज-4 परियोजना को पूरा करने में आ रही विभिन्न चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जमीन से जुड़े मामले, पर्यावरण विभाग की स्वीकृति और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि मेट्रो विस्तार परियोजना को समय पर पूरा करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने डीएमआरसी को पर्यावरण के मानकों को का पालन करते हुए पेड़ लगाने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिया। मंत्री डॉ. पंकज ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि मेट्रो फेज-4 में आने वाली सरकारी बाधाओं को दूर किया जाएगा और लंबित मुद्दों को स्वीकृति दिलाने में दिल्ली सरकार पूरा सहयोग देगी। उल्लेखनीय है कि डीएमआरसी यमुनापार में शहीद मंगल पांडेय मार्ग और दक्षिणी दिल्ली में भी एक डबल डेकर फ्लाईओवर बना रही है। जिसके लिए पैसा लोक निर्माण विभाग दे रहा है।

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने दिल्ली सरकार की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता के तहत डीएमआरसी को अधिक संख्या में पेड़ और पौधे लगाने के निर्देश दिए ताकि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।

### मंत्री ने परियोजना के वित्तीय और अन्य जरूरी आवश्यकताओं का लिया संज्ञान

बैठक में मंत्री पंकज ने मेट्रो फेज-4 के अंतर्गत वित्तीय और अन्य जरूरी आवश्यकताओं का संज्ञान लिया और इसके अंतर्गत महत्वपूर्ण परियोजनाओं के निर्माण में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। परिवहन विभाग ने दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को मजबूत करने, सार्वजनिक कनेक्टिविटी में सुधार करने और जनता को बेहतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि, सरकार दिल्ली मेट्रो के विस्तार को पूर्ण सहयोग देती रहेगी ताकि दिल्ली के नागरिकों को विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं मिल सकें।

## मामूरपुर में बनेगा मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए नया शेल्टर होम : इंद्राज

### समाज कल्याण मंत्री ने नौ एकड़ प्रस्तावित भूमि का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, डीमार्केशन का काम शुरू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नरेला के मामूरपुर में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए नया शेल्टर होम बनाया जाएगा। इसके लिए बुधवार को दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने 9 एकड़ प्रस्तावित भूमि का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण और डीमार्केशन का काम शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि अगर जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण हो तो उसे हटाने सहित निर्माण के लिए अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाए। निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, आर्किटेक्ट और अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि इस भवन के तैयार होने पर दिव्यांगों के लिए नया कॉम्प्लेक्स मिलेगा, जिसमें भवन के अंदर पर्याप्त सूरज की रोशनी, कैंपस में सेंसरी पार्क और उनके अनुरूप अन्य सुविधाएं मौजूद होंगी। साथ ही आशा किरण होम में क्षमता से अधिक रह रहे लोगों के लिए विकल्प तैयार होगा और उन्हें यहां शिफ्ट किया जाएगा। मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आशा किरण होम, रोहिणी का हाल ही में निरीक्षण किया है, उन्होंने आदेश दिये हैं कि राज्य के मौजूदा शेल्टर होम्स के नवीनीकरण और नये भवनों के निर्माण का कार्य तेजी से हो। समाज कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर आवश्यक कदम उठायें। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि दिव्यांगों को बेहतर सुविधाएं देना और आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

## छठ पूजा तालाब से महिला का शव बरामद

- कराला के शिव विहार इलाके का मामला

**नई दिल्ली।** कंझावला थाना क्षेत्र के कराला, शिव विहार इलाके में बुधवार को छठ पूजा तालाब से एक महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया है। मृतका महिला की उम्र करीब 35 वर्ष बताई गई है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के थानों से भी लापता महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है। रोहिणी जिले के एडिशनल डीसीपी विष्णु कुमार ने बताया कि कराला स्थित शिव विहार से स्थानीय लोगों ने कंझावला पुलिस को जानकारी दी कि जे-3 ब्लॉक के पास छठ पूजा तालाब में एक शव तैर रहा है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। तालाब में तैर रहे शव को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया। रोहिणी जिले की क्राइम और एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने जांच के बाद बताया कि शव पर कोई चोट का निशान नहीं हैं। शव का पंचनामा कर संजय गांधी अस्पताल में सुरक्षित रखवाया गया है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

## डबल मर्डर में वांटेड आठ साल बाद चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजस्थान में दोहरे हत्याकांड के भगौड़े आरोपी को क्राइम ब्रांच ने कई सालों बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी 2017 से गिरफ्तारी से बच रहा था। वह पहले भी दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज हत्या के प्रयास और दिल्ली आबकारी अधिनियम उल्लंघन के तीन मामलों में शामिल रहा है। इस शातिर बदमाश का नाम जोगिंदर बताया गया है। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार सेंट्रल रेंज, क्राइम ब्रांच ने एक जघन्य दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी जोगिंदर को गिरफ्तार किया है। वह 2017 से गिरफ्तारी से बच रहा था। जोगिंदर के खिलाफ पुलिस स्टेशन उच्चैन, जिला भरतपुर, राजस्थान में हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर आरोपों के तहत केस दर्ज किया गया था।

गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को आखिरकार गगन भारती कॉन्वेंट स्कूल, मोहन गार्डन, दिल्ली के पास से पकड़ा गया। वह इसी इलाके में रह रहा था।

### दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था मामले में विफल हो रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली में भाजपा डबल इंजन की सरकार भी दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल हो रही है जबकि नवनिर्मित सरकार की मुख्यमंत्री और दिल्ली के गृहमंत्री के साथ 28 फरवरी को केन्द्रीय गृहमंत्री ने दिल्ली की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बैठक की थी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी दिल्ली में लगातार बुजुर्गों की हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को भाजपा सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों और वरिष्ठ नागरिकों की हत्या की पिछले 2 दिनों में 2 वारदातों ने साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में कोई दिलचस्पी नही रखती है।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 97 / 2024–25 दिनांक 18.02.2025 क्र.सं. 02
निविदा संख्या 77259006RGC खुलने की तिथि 19.03.2025

उपरोक्त के संदर्भ में, निविदा खोलने की तिथि 19.03.2025 से बढ़ाकर 26.03.2025 कर दी गई है तथा उपरोक्त संदर्भित निविदा की कुछ निविदा शर्तों में संशोधन किया गया है। अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोट: यह उपरोक्त संदर्भित निविदा में दूसरा शुद्धिपत्र है। दिनांक : 18.03.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 864/2025

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT-63 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के तहत (S)-1.202KM कोचिंग लाइन नंबर 1 और 1.077KM कोचिंग लाइन नंबर 2 GZB यार्ड के तहत ADEN/GZB के अंतर्गत, CTR(P)-0.870KM MTC-HPU(S/L) लाइन से किमी 91.100 से 91.970 तक ADEN /MUT के अंतर्गत और TRR(P)-1.370KM SBB यार्ड लूप लाइन नंबर 2 ADEN/GZB में CTR आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार।** |
| NIT-64 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में, सहायक मंडल अभियंता शामली व गाजियाबाद के खंड में >9.15 मीटर और 12.20 मीटर तक PSC स्लैब और सहायक मंडल अभियंता मेरठ के खंड में >6.15 से 9.15 मीटर तक PSC स्लैब व स्टील गर्डर पुलों का प्रतिस्थापन आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार। बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार।** |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 15.04.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
सं 128-W/280/e-Tender Notice/NIT-63, 64-24-25-W-II दिनांक : 18.03.2025
844/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 'जैन ने सात करोड़ रुपये की ली रिश्वत'

# दिल्ली एसीबी ने सीसीटीवी परियोजना भ्रष्टाचार मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ किया मामला दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी) मधुर वर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। वर्मा ने एक बयान में कहा कि जैन पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली भर में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के क्षतिपूर्ति जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। यह छूट कथित तौर पर सात करोड़ रुपये की रिश्वत लेने के बाद दी गई। वर्मा ने कहा कि कई शिकायतों से पता चला है कि परियोजना का क्रियान्वयन घटिया तरीके से किया गया तथा कई कैमरे सौंपे जाने के समय काम नहीं कर रहे थे।

### अब सीसीटीवी लगाने के खुलेंगे और भी घोटाले : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन पर दिल्ली में सीसीटीवी लगाने के मामले में एसीबी द्वारा एफआईआर पंजीकरण का स्वागत किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को यह बयान जारी कर कहा कि यह तो शुरुआत है अभी आगे ऐसे अनेक मामले सामने आयेंगे जिन्हें अरविंद केजरीवाल सरकार ने दबा रखा था या जिनकी जांच विलंबित की हुई थी। सचदेवा ने कहा है कि आखिरकार अब प्राथमिकी दर्ज हुई है और हम उम्मीद करते हैं कि सीसीटीवी लगाने के और भी घोटाले अब खुलेंगे। सचदेवा ने कहा था कि केजरीवाल सरकार ने 2017-18 में एक निजी कम्पनी 'बीइएल' को सीसीटीवी लगाने का 571 करोड़ रूपए का ठेका दिया और जिसमें विलंब को लेकर कम्पनी पर 16 करोड़ रूपए का जुर्माना 2019 में लगाया जिसे कुछ ही दिन बाद सत्येन्द्र जैन ने 7 करोड़ लेकर माफ कर दिया था।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाउसिंग बोर्ड हरियाणा | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर–1, तरावड़ी जिला करनाल में 273 अदद (तीन मंजिला) बीपीएल हेतु फ्लैट्स के शेष कार्य का निर्माण आंतरिक पीएच और ई.आई. सर्विस सेवाओं सहित (कार्य मै. टाइकून कंस्ट्रक्शन कम्पनी की लागत और जोखिम पर निष्पादित किया जाएगा)। | 19.03.2025 01.04.2025 | 3.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9728059333 xenhbhkarnal1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/33008/I/88/7 दि. 19.03.25

नई दिल्ली
गुरुवार, 20 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 339
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 21

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### यूपीआई लेनदेन के लिए 1,500 करोड़ मंजूर



**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के छोटे दुकानदारों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपए से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना के तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपए से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। इस योजना के तहत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपए तक का यूपीआई लेनदेन आएगा।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुनवाई 16 को




**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बने कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने अगली तारीख 16 अप्रैल तय की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, लोक प्रहरी और जया ठाकुर समेत कई याचिकाकर्ताओं ने नए कानून को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता का सवाल है कि चुनाव आयुक्त का चयन करने वाली कमेटी में चीफ जस्टिस को बाहर क्यों कर दिया गया।

### लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री ने दी सुनीता और उनके क्रू के सभी सदस्यों को बधाई

# लोकसभा में गूंजा सुनीता विलियम्स की धरती पर हुई सुरक्षित वापसी का मुद्दा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

### एक प्रश्न के जवाब में बोले जितेंद्र सिंह, 2040 तक एक भारतीय मूल के व्यक्ति को चांद पर उतारने की है योजना



लोकसभा में बुधवार को एक अनोखा संयोग देखने को मिला। जिसमें एक ओर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सुरक्षित धरती पर वापसी का मामला उठा। तो दूसरी ओर प्रश्नकाल में पहला प्रश्न भी अंतरिक्ष (चंद्रयान-4 मिशन) से ही जुड़ा हुआ था और उसे शिवसेना (यूबीटी) के सांसद धैर्यशील. एस. माणे ने सरकार से पूछा।

जिसके जवाब में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की योजना वर्ष 2029-30 तक अंतरिक्ष में अपना स्वयं का स्टेशन (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय व्यक्ति को चांद पर उतारने की है। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने संदेशों के जरिए सुनीता विलियम्स को बधाई दी।

#### लोकसभा अध्यक्ष ने दी सुनीता को बधाई

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सुनीता विलियम्स और उनके क्रू 9 को एक अविश्वसनीय टीम बताकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विलियम्स ने अपनी भारतीय जड़ों और वैश्विक भावना के साथ अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों और अटूट दृढ़ संकल्प से पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। मिशन के दौरान सुनीता विलियम्स ने अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ दृढ़ता, टीमवर्क और साहस की शक्ति का प्रदर्शन किया है। उनका मिशन न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण में एक मील का पत्थर है। बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि जब हम बड़े सपने देखते हैं और एक साथ काम करते हैं तो उससे मानवता क्या प्राप्त कर सकती है? हम उनकी असाधारण यात्रा को सलाम करते हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य व निरंतर सफलता की कामना करता हैं।

#### लाखों लोगों को मिलेगी प्रेरणाः पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आपका स्वागत है क्रू 9 ! पृथ्वी को आपकी याद आती है। यह सुनीता की दृढ़ता, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। उन्होंने और उनकी पूरी टीम ने हमें दिखाया है कि दृढ़ता का असली मतलब क्या है? पीएम ने यह भी कहा कि विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। अंतरिक्ष अन्वेषण का अर्थ है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखना। सुनीता विलियम्स, एक अग्रणी और एक आइकन ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन सभी लोगों पर बहुत गर्व है, जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता जुनून से मिलती है और तकनीक दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है?

#### पीएम ने दिया भारत यात्रा का न्योता

*केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि 19 मार्च को जब सदन में पहला प्रश्न अंतरिक्ष के विषय से जुड़ा हुआ है। ठीक उसी दिन सुनीता विलियम्स अपने क्रू के साथ अंतरिक्ष में करीब 300 दिन रहने के बाद सुबह तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर धरती पर सुरक्षित वापस लौट आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता की सुरक्षित* ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### 2027 में लांच होगा चंद्रयान-4

*सिंह ने कहा, भारत का आगामी अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-4 है, जिसे 2027 में लांच किया जाएगा। इससे धरती से सैंपल अंतरिक्ष में लाने, ले जाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हम सुनीता विलियम्स के मिशन के अनुभवों से भी सीख लेंगे। सरकार की योजना केवल अंतरिक्ष में रॉकेट छोड़ने तक सीमित नहीं है। हम देश में अलग-अलग जगहों पर लांच पैड बना रहे हैं। इसमें एक श्रीहरिकोटा में बनाया गया है और दूसरा तमिलनाडु में बनेगा। वहीं, गगनयान मिशन की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस साल के अंत तक व्योहमित्र (रोबोट) की पहली टेस्ट फ्लाइट होगी। 2028 में शुक्र मिशन, 2029 में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 में एक भारतीय व्यक्ति को चांद पर उतारने की तैयारी है। इसरो के पहले मानव अंतरिक्ष यान मिशन के लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों की गोपनीय रखी जा रही कार्यप्रणाली के पीछे की वजह बताते हुए सिंह ने कहा, अभी वो अपने मिशन के लिए जरूरी तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में ज्यादा लोगों के संपर्क में आने से उनका ध्यान भंग हो सकता है।*

### राज्यसभा में हास्य, विनोद, कटाक्ष, 'सेंटा' बने गडकरी जिसने जो मांगा दिया, सभापति का गांव किठाना जुड़ेगा एनएच से



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

लंबे समय के बाद राज्यसभा में पक्ष, विपक्ष के बीच स्वस्थ्य टीका टिप्पणी, हास्य विनोद देखने को मिला। सदन का माहौल हल्का रहा तो सभापति जगदीप धनखड़ ने भी अपनी मांग आसंदी से सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रख दी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे झुंझुनू जिले के इस जिस किठाना गांव से पढ़े लिखे उसकी सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर देने से उसका चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किठाना गांव के लोगों का ये हक है कि एक उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने का सौभाग्य मिले। मामला चूंकि सीधे सभापति की मांग से जुड़ा था। उनके गांव ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### खडगे की चुटकी, गडकरी का मनमोहक जवाब

*इतना ही नहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने चुटकी लेते हुए गडकरी पर कटाक्ष किया कि काम आप कर रहे हो। अच्छा कर रहे हो। दिमाग तेज है। मगर, श्रेय प्रधानमंत्री को देते हो जब कि मुझे पता है कि हर काम पीएमओ से पूछ कर किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कर्नाटक की कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग का मामला उठाया। उसी अंदाज में जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि किसी काम के लिए पीएमओ का कोई दखल नहीं। न ही फंड की कमी है। खडगे साहब मुझे बुला लें। मुझसे वे जो भी परियोजनाओं की मांग करेंगे मैं तत्काल अनुशंसित करूंगा। खडगे सहित विपक्ष को केंद्र के मंत्री से ऐसे जवाब की आशा नहीं थी, लिहाजा पक्ष और विपक्ष सभी ने मेजें थपथपा कर गडकरी का अभिवादन किया।*

#### निवेश के लिए बने समान नीति

इससे पहले सभापति ने पक्ष, विपक्ष दोनों को समझाते हुए कहा कि प्रलोभन तंत्रों पर, तुष्टिकरण पर, जिसे अक्सर 'फ्रीबीज' के रूप में जाना जाता है, इस सदन को विचार करने की आवश्यकता है... क्योंकि देश केवल तभी प्रगति करता है जब पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) उपलब्ध हो। चुनावी प्रक्रिया ऐसी हो गई है कि ये चुनावी प्रलोभन बन गए हैं, और इसके बाद सत्ता में आई सरकारों को इतनी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा कि वे अपनी सोच पर पुनर्विचार करना चाहती। सभापति ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि अब एक राष्ट्रीय नीति की अत्यंत आवश्यकता है ताकि सरकार के सभी निवेश किसी भी रूप में एक संरचित तरीके से बड़े हित में उपयोग किए जाएं।

#### विधायक, सांसदों के वेतन भत्ते हों एकसमान

हमारे संविधान में विधायिका, सांसदों, विधायकों के लिए प्रावधान किया गया था, लेकिन एक समान तंत्र नहीं था। इसलिए, आप देखेंगे कि कई राज्यों में विधानसभाएं सदस्यों को सांसदों की तुलना में अधिक भत्ते और वेतन देती हैं, और यहां तक कि पूर्व विधायकों की पेंशन में भी 1 से 10 तक का अंतर है। यदि एक राज्य में किसी को एक रुपया मिलता है, तो दूसरे राज्य में पेंशन ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### लाभान्वितों को सब्सिडी डायरेक्ट भेजी जाए

यदि कृषि क्षेत्र जैसी आवश्यकताओं के लिए सब्सिडी की जरूरत है, तो इसे सीधे प्रदान किया जाना चाहिए, और यही विकसित देशों में प्रचलित है। मैंने अमेरिकी प्रणाली की जांच की। अमेरिका में हमारे देश की तुलना में 1/5वां कृषि परिवार है, लेकिन वहां औसत कृषि परिवार की आय अमेरिका के सामान्य परिवार की आय से अधिक है, और इसका कारण यह है ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 'मुस्कान' ने दे दिया ऐसा 'दर्द' कि लोगों की 'आत्मा' कांप उठी

## लंदन से पत्नी का जन्मदिन मनाने आया था, पत्नी ने प्रेमी के साथ किए 15 टुकड़े

एजेंसी ▶▶मेरठ



मेरठ में लंदन से लौटे सौरभ कुमार (29) की चार मार्च की रात पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने चार मार्च को शव के 15 टुकड़े ड्रम में रखकर ऊपर से चिनाई कर दी। मुस्कान अपनी पांच साल की बेटी को मायके में छोड़कर प्रेमी के साथ शिमला घूमने चली गई।लौटकर मुस्कान ने अपने मां-पिता को सौरभ की हत्या करने की जानकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोकसभा अध्यक्ष की विपक्षी दलों के सांसदों को नसीहत...

## कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस सोशल मीडिया पर प्रचारित-प्रसारित करने से बचें



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के अन्य दलों के सांसदों को कार्य स्थगन प्रस्ताव का महत्व और इसे सदन में इस्तेमाल करने की प्रक्रिया समझायी। उन्होंने कहा कि केवल तत्काल रूप से गंभीर या सार्वजनिक महत्व के मामलों के लिए ही इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। इस नोटिस का अभिप्राय यह होता है कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार किसी विषय पर संवैधानिक रूप से कार्य करने में असमर्थ है। जबकि वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं है। नियम-56 में भी स्थगन प्रस्ताव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। लेकिन आमतौर पर यह देखने को मिलता है कि विपक्ष के प्रतिनिधि सामान्य मामलों, राज्यों से संबंधित विषयों पर स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देते हैं। कई बार एक ही दल के कई सदस्य अलग-अलग विषयों पर नोटिस देते हैं। इससे ▶▶ शेष पेज 4 पर






नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष गोयल ने पदभार ग्रहण किया

# क्षेत्रीय अध्यक्ष सिसोदिया ने कहा: भाजपा में संगठन की शक्ति से ही कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन होता है




हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद महानगर के नवनियुक्त अध्यक्ष मयंक गोयल ने मंगलवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने गोयल को भाजपा महानगर मुख्यालय, नेहरू नगर में पदभार ग्रहण कराया । इस अवसर पर 11 ब्राह्मण के मंत्रोपचार के साथ हवन एवं पूजा-अर्चना की गई।

सभी आगंतुकों का स्वागत पटका पहनाकर किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मयंक गोयल ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सत्येंद्र सिसोदिया ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन की शक्ति से ही कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन होता है। मयंक गोयल का अनुभव और समर्पण संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भाजपा महानगर गाजियाबाद और अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगी और संगठन को मजबूती मिलेगी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा भाजपा संगठन एक कार्यकर्ता परिवार के रूप में काम करता है। यहां कार्यकर्ता की ही ताजपोशी होती है अन्य दलों की तरह परिवारिक व्यक्ति विशेष की नहीं। नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष बने मयंक गोयल की पहचान भाजपा में समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में है। निश्चित रूप से वे अपने नेतृत्व में संगठन के सभी आयामों में गाजियाबाद संगठन की अव्वल दर्जे की पहचान स्थापित करेंगे। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और नेतृत्व का मजबूत होना बहुत जरूरी है। मयंक गोयल एक कर्मठ कार्यकर्ता और कुशल संगठनकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में गाजियाबाद संगठन और अधिक प्रभावशाली बनेगा।

### यह लोग उपस्थित रहे

*संजीव शर्मा, सदर विधायक एवं निवर्तमान महानगर अध्यक्ष ने कहा कि मैंने खुद महानगर अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है, और मुझे पता है कि यह पद संगठन के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, क्षेत्रीय पदाधिकारी अशोक मोंगा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, बलदेव राज शर्मा, जगदीश साधना, पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद तोमर, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, सरदार एसपी सिंह, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी, गोपाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अश्वनी शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।*

टैक्स जमा न करने वालो पर जारी रहेगी कार्रवाई

# एनआईटी जोन और ओल्ड जोन में 12 प्रॉपर्टी सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम ओल्ड जॉन दो और एनआइटी जोन में बुधवार को लगभग 12 संपत्तियों को सील किया गया है इनमें ऊपर लगभग 28 लाख रुपए का टैक्स बकाया था। इसका असर भी हुआ दोपहर बाद सील की गई प्रॉपर्टी में से दो बकायादारों ने लगभग 2 लाख 15 हजार रुपए का टैक्स जमा करवाया। सीलिंग कार्यवाही के दौरान चलती हुई दुकानों ओर वर्कशॉप को सील किया गया। सीलिंग के कार्यवाही के बाद दो बकायाधारक ने अपना टैक्स निगम कार्यालय में ऑनलाइन जमा कराया।

नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर कार्यवाही को ओर तेज कर दिया है। निगम का करोड़ों रुपए का टैक्स अभी बकाया है जिसे वसूल करने के लिए सीलिंग की कार्यवाही शुरू की गई है। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के आदेशों पर एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल के मार्गदर्शन में ओल जॉन की जोनल कर अधिकारी सुनीता की टीम ने सुबह से ही स्पेशल ड्राइव चलाकर सीलिंग की कार्यवाही शुरू की। जिसमें गांव अगवानपुर सहित अन्य प्रॉपर्टी को सील किया गया। निगम द्वारा यह सीलिंग कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इसके अलावा एनआईटी जोन में जोनल कर अधिकारी सुमन ने जानकारी देते हुए बताया की बडख़ल एरिया सहित 6 प्रॉपर्टी पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल ने फरीदाबाद निगम क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि अपने शहर के विकास और उसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स समय से जमा कराएं ताकि शहवासियों को उनकी मूलभूत सुविधाएं और शहर के विकास का कार्य तेज गति से पूरे कराए जा सके।

ई-पॉस मशीन से लिंक ई-वेडग मशीन से खाद्यान्न का वितरण की प्रक्रिया को समझा

# गाजियाबाद में इंडोनेशियन डेलिगेट ने किया उचित दर विक्रेता की दुकान का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



11 इंडोनेशियन डेलिगेट जनपद गाजियाबाद में स्थित मै. चमन प्रकाश, उचित दर विक्रेता की दुकान का भ्रमण किया गया। उचित दर विक्रेता की दुकान पर उपस्थित जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी एवं अन्य स्टाफ ने इन्डोनेशियन डेलिगेट का स्वागत किया गया।

इंडोनेशिया से आई टीम द्वारा उचित दर दुकान मै. चमन प्रकाश, कांशीराम कॉलोनी सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद का राशनकार्ड लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण एवं आईरिस स्कैनर के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किए जाने का लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन देखा गया। उचित दर विकेता मै. चमन प्रकाश द्वारा ई-पॉस मशीन के माध्यम से कुल तीन राशन कार्डधारको जिसमे अत्योदय कार्डधारक महेश कुमार को आईरिस स्कैनर एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारक रमेश चंद एवं श्रीमति जरीना को आधार प्रमाणीकरण के उपरांत ई-पॉस मशीन से लिंक ई-वेडग मशीन से खाद्यान्न का वितरण किया गया। जिसका लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन इंडोनेशियन टीम ने देखा । टीम ने जनपोषण केंद्र को भी देखा। इंडोनेशिया से आए समस्त डेलिगेट आपूर्ति विभाग के उपरोक्त कार्यों से आश्वस्त रहे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारीआनंद प्रभु सिंह,पूर्ति निरीक्षक प्रियका राय, नूर फातिमा, सुत्यप्रकाश मालवीय समेत आपूर्ति विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# शराब ठेकेदार की गोली मारकर हत्या करने वाला मुख्य आरोपी शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मानेसर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार की शाम गांव हयातपुर में शराब ठेकेदार की गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी शूटर को कुछ ही घंटों के दरमियान दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपने साथी के साथ ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर वारदात को अंजाम दिया था। हमले में शराब ठेकेदार के अलावा दो अन्य लोग भी घायल हो गए थे। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। दरअसल, मंगलवार की सांय पुलिस चौकी सेक्टर-93 क्षेत्र में गांव हयातपुर स्थित जोतराम चौक पर दिनेश यादव के कार्यालय में दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। कार्यालय में उपस्थित तीन लोगों बलजीत यादव निवासी हयातपुर, रविंद्र निवासी उत्तर प्रदेश वर्तमान निवासी हयातपुर और राम कौशिक निवासी हयातपुर के गोली लगी। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सीन ऑफ क्राइम की टीम से निरीक्षण कराया और साक्ष्य एकत्रित किए। गोली लगने से घायल हुए शराब ठेकेदार बलजीत यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली उपरान्त विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के उपरांत रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 20.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| **दिनांक 21.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| **दिनांक 22.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| **दिनांक 23.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 08:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा टाउन स्टेशन |
| **दिनांक 24.03.2025 (सोमवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, एवं दानापुर स्टेशन |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| **दिनांक 25.03.2025 (मंगलवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| **दिनांक 26.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 03010 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा जं. | 03:00 | टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं. स्टेशन |
| **दिनांक 27.03.2025 (गुरुवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोण्डा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., दिघवा दुबौली, मशरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें




## खबर संक्षेप

### सिसोदिया ने पटपड़गंज में जलभराव को लेकर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने पटपड़गंज इलाके की सड़कों पर पानी भरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिल्ली सरकार पर सवाल उठाए हैं। इस वीडियो में पटपड़गंज के वेस्ट विनोद नगर इलाके की सड़कों पर जलभराव साफ नजर आ रहा है, जिसे लेकर सिसोदिया ने बीजेपी के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त की। मनीष सिसोदिया ने वीडियो को पोस्ट करते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने लिखा कि यह दृश्य नई सरकार के यमुना सफाई योजना का हिस्सा है, जहां सीवर को मोहल्लों की गलियों में रोका जा रहा है। सिसोदिया ने तंज कसते हुए कहा कि मोहल्लों का सारा सीवर गलियों में रोक लो, यमुना में सीवर नहीं जाएगा तो नदी अपने आप साफ हो जाएगी। उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि क्षेत्र के नए भाजपा विधायक को सड़कों पर भरे पानी में नाव चलाना बहुत पसंद है, और यह शायद उन्होंने अपनी नाव चलाने के लिए ही किया हो।

### इंडियन मीडिया लिटरेसी नेटवर्क पर डीएसजे ने आयोजित की फैक्टशाला

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म ने बुधवार को इंडियन मीडिया लिटरेसी नेटवर्क पर एक प्रशिक्षण सत्र "फैक्टशाला" का आयोजन किया। यह नेटवर्क डेटा लीड्स द्वारा गूगल न्यूज़ इनिशिएटिव के सहयोग से विकसित किया गया है। डीएसजे की मानद निदेशक प्रो. भारती गोरे ने बताया कि इस सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को गलत सूचना की वास्तविकता और डिजिटल युग में तथ्य जांच के महत्व को समझाना था। फैक्टशाला यूनिवर्सिटी नेटवर्क से जुड़े मीडिया लिटरेसी ट्रेनर डॉ. तिलक झा ने इस सत्र का संचालन किया। कार्यशाला की अध्यक्षता दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म की मानद निदेशक प्रो. भारती बी. गोरे ने की। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रियांका सचदेवा ने किया। सत्र के दौरान डॉ. तिलक झा ने तथ्य जांच के महत्वपूर्ण पहलुओं, मीडिया में गलत सूचना के प्रसार और किसी भी जानकारी को मानने या साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को कई विश्वसनीय तथ्य-जांच वेबसाइटों की जानकारी भी दी। यह कार्यशाला बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक रही।

### सीएम ने उपराज्यपाल के साथ सुनहरी पुल नाले की सफाई का किया निरीक्षण

# मानसून से पहले सभी नालों की गाद निकालने का पूरा किया जाए काम: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सुनहरी पुल नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले समय पर सभी नालों की गाद निकालने काम पूरा किया जाए। इस निरीक्षण के दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज और एमसीडी, पीडब्लूडी, एनडीएमसी, परिवहन विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और सभी अन्य सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि बुधवार को सुनहरी पुल नाले का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि मानसून से पहले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें और नाले की डिसिल्टिंग तथा जल प्रवाह को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं। वहीं सीएम रेखा गुप्ता ने इस दौरान बताया कि बुधवार को दो दिनों के बाद हम एक बार फिर सुनहरी पुल नाले के सफाई अभियान की समीक्षा कर रहे हैं। जब यह नाला बनाया गया था तब शायद यह नहीं सोचा गया था कि भविष्य में इसकी डिसिल्टिंग (गाद सफाई) कैसे होगी।

मानसून के दौरान जब इन नालों में पानी भर जाता था, तो आसपास की रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती थी। आज इसी चुनौती का समाधान खोजने के लिए हम यहां हैं। अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से नाले में कट लगाकर वर्षों से जमा सिल्ट की परतों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य के लिए एमसीडी, पीडब्लूडी, एनडीएमसी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड सहित अन्य संबंधित विभागों को भी यहां बुलाया गया है, ताकि उनकी मशीनों के माध्यम से इस नाले की प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जा सके।

मारा उद्देश्य है कि आगामी बारिश में के मौसम मं जलभराव की समस्या न हो। सीएम ने बताया कि यह कार्य केवल सुनहरी पुल नाले तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दिल्ली के सभी छोटे-बड़े नालों पर इसी तरह सफाई अभियान चलाया जाएगा। हमने इस दिशा में एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर ली है और सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नालों की डिसिल्टिंग सुनिश्चित करें। इस कार्य में कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस कार्य योजना के तहत हमारे सांसद, विधायक और मंत्री और सरकार की पूरी टीम सड़कों पर है, ताकि सभी स्थानी की पहचान की जा सके और जहां जलभराव की समस्या होती होती है,उसका निदान जल्द से जल्द हो सके।

### सभी विभागों को एकजुट होकर करना होगा कार्य

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को जलभराव मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हम केवल समस्या का आकलन नहीं कर रहे, बल्कि इसके स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। दिल्ली के सभी नालों की सफाई और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था से स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी। यह सरकार की प्राथमिकता है कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलें। दिल्ली सरकार इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध

### नाले की सफाई समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए

**नई दिल्ली।** इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नाले की सफाई को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या न हो। वहीं सीएम ने नाले की सफाई और जल निकासी क्षमता बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों को कार्य योजना पर त्वरित गति से कार्य करने का निर्देश दिया। सीएम ने एमसीडी,पीडब्लूडी, बाढ़ नियंत्रण विभाग और एनडीएमसी को नियमित निरीक्षण करने और एकीकृत योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने मास्को के मंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मास्को सिटी सरकार के मंत्री सर्गेई चेरेमिन से मुलाकात की और दोनों शहरों के बीच संबंधों को बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। सरकार से मिली जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं ने शहरी प्रबंधन, परिवहन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों पर मास्को और दिल्ली के बीच संबंधों को बढ़ाने और विचारों के आदान-प्रदान के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के दौरान व्यापार और वाणिज्य, सूचना और प्रौद्योगिकी, निजी क्षेत्रों की भागीदारी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बनाने जैसी बातों पर भी चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच अच्छे संबंध हैं और दोनों देश लंबे समय से साझेदार हैं। इस बीच चेरेमिन के नेतृत्व में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल 19 से 21 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो 2025 में भाग लेने के लिए यहां आया है।

## स्वर्ण पदक जीत देश और गांव का किया नाम रोशन

**नई दिल्ली।** विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल, स्नोबोर्डिंग में स्वर्ण पदक जीतने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर घर



वापसी पर बेगमपुर गांव वासी समीर यादव सुपुत्र सुशील यादव का पूरे गांव में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में दिल्ली नगर निगम में उपनेता विपक्ष व बेगमपुर वार्ड से निगम पार्षद जय भगवान यादव ने कहा कि दिल्ली के बेगमपुर गांव के लाल समीर यादव ने गत दिनों ने ईटली में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल, स्नोबोर्डिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर गांव व देश का नाम रोशन किया है। हम सभी गांववासी खिलाड़ी समीर यादव के भविष्य की कामना करते हैं और चाहते हैं कि खिलाड़ी बार बार स्वर्ण पदक जीते और देश व गांव का नाम रोशन करे। इस मौके पर गांव वालों ने जीत का जश्न मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह खेल आयोजन 8 से 17 फरवरी के बीच हुआ। इसमें अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशू इंग खेल शामिल रहे। बता दें कि इटली के ट्यूरिन में आयोजित होने वाला विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें दुनिया भर के एथलीट हिस्सा लेते हैं। विशेष ओलंपिक भारत की विश्व शीतकालीन खेल टीम को हाल ही में दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भव्य विदाई दी गई, जिसमें युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा और विशेष ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वी.के. महेंद्रू भी मौजूद थे।

## ढाई करोड़ की लागत से बनेगी तीन सड़कें, सांसद ने किया शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को खजूरी खास की दो सड़कों एवं डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का शिलान्यास किया। खजूरी खास की दो सड़कों का निर्माण ग्रामोदय अभियान के तहत लगभग एक करोड़ 12 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा किया जाएगा जबकि अंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का निर्माण डीडीए के द्वारा लगभग सवा करोड़ की लागत से किया जाएगा। दोनों विकास कार्य चार माह में पूर्ण किए जायेंगे। यहां सांसद तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार का असर दिखने लगा है और विकास की गति को तेजी मिली है। बेहतर समन्वय और पारदर्शी प्रसासनिक व्यवस्था से कई रुके काम शुरू कर दिए गए हैं और शिलान्यास के बाद बनने वाली इन सड़कों का बेहतर प्रमाण आपके सामने है। इस अवसर पर डीएम अजय कुमार, निगम उपायुक्त कर्नल विनोद अत्रे, अंबेडकर कालेज प्राचार्य सदानंद प्रसाद, निगम पार्षद मुकेश बंसल आदि मौजूद रहे।

### बैठक को दस मिनट के लिए करना पड़ा स्थगित

# दिल्ली नगर निगम की बजट बैठक में हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की विशेष बजट बैठक में बुधवार को उस समय जमकर हंगामा शुरू हो गया जब वर्ष 2024-25 और अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित बजट को अंतिम रूप देने के लिए सदन के नेता मुकेश गोयल ने बजट पेश करने वाले थे। बता दें कि बजट पेश करने से पहले ही सदन में विपक्षी दल कांग्रेस के पार्षद के महापौर के आसन के पास बैनर लेकर पहुंच गए।

कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने महापौर से कुछ कह रही थी, तभी भाजपा के पार्षद भी महापौर के आसन के पास पहुंच गए और फिर क्या तो नारेबाजी हंगामे में तब्दील हो गई और कागज आदि फाड़कर हवा में उड़ाने शुरू हो गए। ऐसे माहौल में महापौर महेश कुमार खींची ने बजट बैठक को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद जैसे ही महापौर अपने आसन पर पूर्व महापौर डॉ शैली ओबरॉय के साथ आए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेता सदन मुकेश गोयल द्वारा जो प्रस्ताव पेश किए गए हैं वे उनके कथनानुसार पास, रद्द किए जाते हैं और मिनट्स की पुष्टि की जाती है। साथ ही सदन अगली बैठक तक स्थगित किया जाता है।

### आप सरकार निगम में ले रही है बड़े निर्णय : महापौर

सदन बैठक के स्थगित करने के बाद महापौर महेश कुमार ने वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट एवं वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान के मुद्दे पर प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली वासियों के हर वर्ग के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार सदन में बड़े निर्णय ले रही है। महापौर ने कहा कि 12 हजार कर्मचारियों के वेतन के लिए बजट में 800 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रेसवार्ता में उपमहापौर रविंद्र भारद्वाज और नेता सदन मुकेश गोयल भी रहे। मुकेश गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार दिल्लीवासियों को हर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और आज निगम के सदन से पारित यह बजट हर दिल्लीवासी की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने बड़ा दिल दिखाते हुए नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह द्वारा प्रस्तावित कट मोशन को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष द्वारा प्रस्तावित कट मोशन जिन में उन्होंने स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट के लिए 1 करोड़ रुपए अतिरिक्त, छठ पूजा के लिए 50 लाख रुपए अतिरिक्त, महिला शौचालय के लिए 25 लाख रुपए अतिरिक्त बजट व्यवस्था जैसे प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मुकेश गोयल ने कहा कि आयुक्त ने पार्षदों को अपने वार्डों में विकास कार्य करने के लिए 75 लाख रुपए की राशि आवंटित की थी जिसमें आम आदमी पार्टी सरकार ने 80 लाख रुपए की वृद्धि करते हुए 1 करोड़ 55 लाख रुपए कर दिया है। इसके अतिरिक्त निगम में कार्यरत 12 हजार दैनिक वेतन भोगी एवं अनुबंध कर्मचारियों को पक्का करने के लिए बजट में 800 करोड़ की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यह राशि सड़कों के रखरखाव की मद से ली जाएगी।

### किस ठेकेदार को पहुंचाया गया लाभ, जांच कराएगी भाजपा : इकबाल

दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि महापौर के विवेकाधिकार फंड और सड़कों के रखरखाव के लिए बनाए गए मद में किस-किस ठेकेदार को लाभ पहुंचाया है इसकी जांच भाजपा कराएगी। उन्होंने दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में आप पार्षदों द्वारा हंगामा करने और पार्षदों की संख्या की गिनती कराए बिना बजट को पास करने को असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही निगम सदन की बैठक शुरू हुई तो भाजपा ने महापौर महेश कुमार से आग्रह किया था कि वह दल अनुसार पार्षदों की गिनती करा लें। क्योंकि आप अल्पमत थी तो बिना गिनती कराए आप ने सदन की कार्रवाई शुरू कर दी।

### पूर्व महापौर ने महापौर को बनाया खिलौना : दानिश

निगम की बजट बैठक के बाद निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा कि बैठक स्थगित होने के बाद फिर शुरू हुई तो पूर्व महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने सदन में संविधान की हत्या कर दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व महापौर ओबरॉय निगम महापौर महेश कुमार को सदन में ऐसे बुलवा रही थी जैसे स्कूल में किसी बच्चे से टीचर कहती है कि माइक पर ऐसे कविता सुनाओ। उन्होंने कहा कि यह सदन में शोभनीय नहीं है।

## गुप्ता ने की 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विधायक' पुरस्कार की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विधायक' पुरस्कार की घोषणा की। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उत्कृष्ट विधायी प्रदर्शन को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसके लिए मुख्य मानदंडों में संसदीय बहस में उत्कृष्ट योगदान, सदन में उपस्थिति रिकॉर्ड तथा सदन में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखना शामिल है। इस अवसर पर विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी मौजूद थे। इस मौके पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह पुरस्कार विधायकों को संसदीय मर्यादा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और सार्थक विधायी चर्चाओं में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। यह दिल्ली विधानसभा को एक 'आदर्श विधानसभा' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोकतांत्रिक शासन में नए मानदंड स्थापित करेगा। दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया गया, जिसमें नव-निर्वाचित विधायकों को महत्वपूर्ण संसदीय ज्ञान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में संवैधानिक प्रावधानों, कार्य संचालन नियमों, प्रश्नकाल प्रक्रियाओं, विधायी प्रस्तावों और नीति निर्माण रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा संचालित व्याख्यान, संवाद और इंटरैक्टिव सत्रों ने सुशासन और विधायी प्रक्रियाओं पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की।


## खबर संक्षेप

### ट्रक की कार और बाइक से टक्कर, एक की मौत



**हजारीबाग।** हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एक तेज रफ्तार ट्रक, एक कार और एक बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर की वजह से हुई। मृतक की पहचान आशिक कुमार के रूप में की गई। वो बाइक पर सवार था और चतरा से चौपारण आ रहा था।

### जमशेदपुर में कान्वाई चालक की पीटकर हत्या



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में कान्वाई चालक संजीव श्रीवास्तव की सोमवार की रात पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पिटाई का मृतक की बेटियों ने वायरल किया। वीडियो अब सामने आया है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। मंगलवार देर रात पुलिस ने घटना में शामिल महिला आरोपियों को हिरासत में ले लिया है,जबकि पुरुष आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी है। वारदात के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मामला मंगलवार की देर रात जिले के सदर थाना क्षेत्र का है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटना के दौरान मौके पर जुटी लोगों की भीड़ ने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद जख्मी हालत में प्रॉपर्टी डीलर को अस्पताल लेकर जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों को सूचित किया गया।

# राज्यसभा ने किया एक सुर में रामगोपाल यादव के प्रस्ताव का समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**सांसद निधि हो जीएसटी मुक्त, बढ़ाया जाए 20 करोड़ तक**



अब ये तय हो गया है कि सांसदों के वेतन भत्ते और सांसद निधि सभी बढ़ाए जाएंगे। कब बढ़ेगा ये तय नहीं लेकिन रूपरेखा बना दी गई है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में सपा संसदीय दल के नेता रामगोपाल यादव ने सभापति की अनुमति से ट्रेजरी बेंच का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया कि सांसद निधि बेहद कम होने के कारण जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को सांसद पूरा नहीं कर पा रहे हैं जिससे कई सांसदों को हार का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा महंगाई दर को देखते हुए सांसद निधि (5 करोड़) को न सिर्फ एक साथ चार गुना बढ़ाया जाए, बल्कि जीएसटी मुक्त भी किया जाए। उन्होंने दे टूक कहा, या तो क्षेत्र के विकास के लिए जारी होने वाली सांसद निधि को 20 करोड़ किया जाए, नहीं तो बिल्कुल ही समाप्त कर दिया जाए। उनकी मांग को सभी दलों के सांसदों का समर्थन मिला। आसंदी पर बैठे सभापति का भी परोक्ष समर्थन मिला। सभापति तभी राज्यों में विधायकों को मिल रहे वेतन, भतों की एकरूपता के लिए एक राष्ट्रीय नीति का सुझाव भी केंद्रीय वित्तमंत्री को दिया। सपा संसदीय दल के नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि एक गांव का प्रधान भी जब 10 करोड़ के विकास के काम करा लेता है तो सांसदों को 5 करोड़ रुपए की सांसद निधि उसी काम के लिए क्यों? उन्होंने कहा कि 5 करोड़ रुपए में से जीएसटी काट लेने के बाद 4 करोड़ 10 लाख रुपए में आज के समय में चार से छह विधानसभा वाले संसदीय क्षेत्र में विकास का कौन सा काम किया जा सकता है।

उन्होंने आंकड़ों के हवाले से सभापति से कहा कि पहले एक किमी सड़क के निर्माण में जितना खर्चा था, एक हैंडपंप लगाने में जितना खर्चा आता था ऐसे सभी खर्च पांच गुने तक महंगे हो गए हैं। रामगोपाल यादव ने कहा कि एक छोटे से विधानसभा में विकास के कार्य के लिए दिल्ली में 10 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं जब कि केरल में विधायकों को 7 करोड़ रुपए आवंटित हो रहे हैं। ऐसे ही अन्य प्रदेशों में सांसदों से अधिक विकास निधि जारी हो रही है। रामगोपाल यादव के इसी तर्क पर सभापति ने आसंदी से सुझाव दिया कि विधायकों, सांसदों को जारी होने वाली विकास निधि हो, वेतन भत्ते हों ऐसे सभी खर्च समान रूप से जनप्रतिनिधियों को जारी करने के लिए, एकरूपता लाने के लिए नेशनल पॉलिसी बनायी जानी चाहिए।

### सीएम योगी आज आएंगे गोंडा

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ आज बृहस्पतिवार को गोंडा आएंगे। सीएम दोपहर 12:10 बजे बहराइच के मिहीपुरवा से गोंडा रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचेंगे। सीधे गोंडा मेडिकल कॉलेज में मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के लिए स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के कुल 1,282 लाभार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए पांच लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को गोंडा आएंगे।

मणिपुर और नागपुर हिंसा के बीच राजधानी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले-रक्षा मंत्री

# आम जनता से की राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट रहने की अपील: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मणिपुर और नागपुर की हिंसा के बीच बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आम जनता को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी लोगों को राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए एकजुटता और सत्यनिष्ठा के साथ निर्भय होकर अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुए लक्ष्यों की ओर बढ़ना चाहिए। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने राजधानी स्थित सैम मॉनेकशॉ केंद्र में मेजर बॉब खाथिंग की स्मृति में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी। जिसका भारतीय सेना, असम राइफल्स और थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीटूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) ने संयुक्त रूप से आयोजन किया था।

राजनाथ ने पिछले साल 2024 में तवांग में मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग वीरता संग्रहालय का वर्चुअल उद्घाटन किया था। गौरतलब है कि मेजर खाथिंग पूर्वोत्तर के तवांग के सुदूर क्षेत्र में वर्ष 1951 में किए गए अपने पर्वतारोहण अभियान के लिए जाने जाते हैं। जिसके बाद इसे बाकी भारत में शामिल किया गया था। वर्ष 1972 से 75 तक वह म्यांमार में भारत के राजदूत भी रहे। इसके अलावा 1967 में वे नागालैंड के मुख्य सचिव भी रहे।



### हार्ड-सॉफ्ट पावर के बीच बिठाते संतुलन

राजनाथ ने सशस्त्र सीमा बल, नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन जैसे खाथिंग के तमाम सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा सरकार प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन और सुशासन के माध्यम से हमने लोगों और सरकार के बीच के अंतर को घटाया है। आज भारत बहुध्रुवीय विश्व में व्याप्त अनिश्चितताओं के बीच अपनी हार्ड और सॉफ्ट पावर के बीच संतुलन बनाए हुए है। यह गर्व की बात है कि भारत ने अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। दुनिया के सामने एक नया, मजबूत और संगठित भारत उभरा है। एक समय था जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। लेकिन आज जब हम बोलते हैं तो दुनिया सुनती है। यह मेजर खाथिंग के आदर्शों से प्रेरित है। उनसे मिले संगठनात्मक कौशल की वजह से भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। रक्षा मंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए संगठित रहने की आवश्यकता पर बल दिया। भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की भूमिका को स्वीकार करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र के योगदान और प्रगति को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बिना गोली चलाए भारत में शामिल हुआ तवांग

*रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग की तवांग के अलावा समूचे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में निभाई गई भूमिका की सराहना की। उन्होंने बिना एक गोली चलाए पूरे तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक शामिल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे ही क्रांतिकारियों के सिद्धांतों पर चल रही है। हमारी सरकार ने भी बिना कोई गोली चलाए सबसे बड़ी बाधा धारा-370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। यह कार्य सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। मेजर बॉब खाथिंग ने न केवल राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में अहम योगदान दिया। बल्कि पूर्वोत्तर के लिए किया गया उनका कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए कार्य के समान है। सरकार की विकास परियोजनाओं का ही परिणाम है कि पूर्वोत्तर तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हिंसक घटनाओं में भी कमी आई है।*

### राष्ट्र की एकता, सुरक्षा और अखंडता सर्वोपरि

*उन्होंने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यहां मेजर खाथिंग जैसे महान व्यक्तित्व रहे हैं। जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। वे भारत के महान सपूत थे जिन्होंने युद्ध के मैदान में बहादुरी कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ी। ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है।*

झारखंड सरकार ने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में बसने की खुली छूट दे दी: सिन्हा

# क्या बिरसा मुंडा की धरती को औरंगजेब की धरती बनाना चाहते हैं सीएम सोरेन : भाजपा

- *भाजपा ने झामुमो सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया*
- *सिन्हा ने कहा-हेमंत सरकार बांग्लादेश से आए अवैध लोगों को झारखंड में बसने दे रही*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को बांग्लादेशियों की कथित अवैध घुसपैठ से झारखंड की जनसांख्यिकी बदलने के मुद्दे पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि क्या वह महान आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की धरती को 'औरंगजेब की धरती' बनाना चाहते हैं।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा ने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान झारखंड में स्वास्थ्य क्षेत्र में घोटाले का भी आरोप लगाया और इसकी सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार ने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में बसने की खुली छूट दे दी है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि इन इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां फल-फूल रही हैं। हमारा मानना है कि कई आतंकी मॉड्यूल बनाए जा रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार ऐसे मामलों की अनदेखी करती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय ने पिछले साल केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था, लेकिन सोरेन सरकार ने इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के असहयोग के कारण अब तक ऐसी कोई समिति गठित नहीं की जा सकी है। सिन्हा ने पूछा, क्या हेमंत सोरेन, बिरसा मुंडा की धरती को औरंगजेब की धरती बनाना चाहते हैं? सिन्हा के अनुसार, राज्य सरकार ने दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में अवैध प्रवासियों को बसने की अनुमति दी है, जिससे आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं। सिन्हा ने गिरिडीह जिले में होली के दौरान हुई एक हिंसक घटना का उल्लेख किया, जिसमें दो समूहों के बीच झड़पों के कारण चोटें आईं और संपत्ति का नुकसान हुआ। पुलिस ने बताया कि 14 मार्च को हुई झड़प के बाद 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सिन्हा ने दावा किया कि पुलिस की क्रूरता हुई थी, जिसमें एक घटना का उल्लेख किया गया था जिसमें विकास शाह को कथित तौर पर मुस्लिम बहुल इलाके में होली मनाने की इच्छा रखने के कारण पीटा गया था।

बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी लागू होगी नई उत्पाद नीति

# हेमंत सरकार नई उत्पाद नीति लाने की तैयारी में, राजस्व को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ⏭ रांची



बिहार की तर्ज पर अब झारखंड में हेमंत सरकार नई उत्पाद नीति लाने के तैयारी में है। जानकारी के अनुसार, राज्य में नई उत्पाद नीति एक मई से लागू हो सकती है। नई उत्पाद नीति के अनुसार, पूर्व की भांति खुदरा शराब की बिक्री हो सकेगी। इसके लिए दुकानों की खोज भी की जा रही है। नई उत्पाद नीति का मुख्य उद्देश्य होगा, राज्य सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के राजस्व को बढ़ाना। वहीं, झारखंड शराब व्यापारी संघ ने सरकार के नई उत्पाद नीति का स्वागत किया है। काफी चर्चा के बाद झारखंड सरकार राज्य में नई उत्पाद नीति लागू करने जा रही है। आगामी एक मई से राज्यभर में नई उत्पाद नीति के अनुसार शराब की बिक्री की जाएगी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने इसका ड्राफ्ट राजस्व पर्षद, वित्त विभाग और विधि विभाग को भेज दिया है। इस पर विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि नई नीति को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न विभागों से सहमति ली जा रही है। जैसे ही कैबिनेट से मंजूरी मिलेगी, नई उत्पाद नीति को तत्काल रूप से लागू करा दिया जाएगा।

नई नीति का मुख्य उद्देश्य उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के राजस्व को बढ़ाना है। फिलहाल, विभाग का वार्षिक राजस्व लक्ष्य 2700 करोड़ है, जिसे बढ़ाकर 3500-3800 करोड़ करने की योजना है।

# कोयला गैसीकरण ला सकती है तकनीक ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली




कोयला गैसीकरण तकनीक न केवल ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है, बल्कि यह पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कोयला मंत्रालय द्वारा गठित संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में बतौर सदस्य रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

कोयले का वैकल्पिक उपयोग: स्वच्छ उपयोग की दिशा में कोयला गैसीकरण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न दलों के सांसदों के साथ बृजमोहन अग्रवाल ने भी कोयला गैसीकरण की संभावनाओं, चुनौतियों और इससे जुड़े नीतिगत पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कोयला गैसीकरण तकनीक भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हरित ऊर्जा लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रक्रिया के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान एवं विकास, बुनियादी ढांचे में निवेश और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी नीतियां बनाए। बैठक में कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी, समिति सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कोयला गैसीकरण के विभिन्न पहलुओं पर अपनी बात रखी और इस दिशा में मंत्रालय द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। बैठक में देश में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और कोयला आधारित उद्योगों के सतत विकास के लिए आवश्यक रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कोयला गैसीकरण से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक होगा।

## पेज एक का शेष...

### पीएम ने दिया...

*वापसी की कामना की थी और उन्हें अपने संदेश के जरिए बधाई दी है। साथ ही पीएम ने सुनीता को भारत यात्रा का न्योता भी दिया है। वर्ष 2007 में भी जब प्रधानमंत्री गुजरात के मुख्यमंत्री थे। तब भी उन्होंने सुनीता को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था।*

### राज्यसभा में हास्य, विनोद...

से जुडा था, लिहाजा, नितिन गडकरी ने बिना समय गंवाये उन्हें आश्वस्त किया कि सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर किठाना गांव को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोडा जाएगा। उसकी सडकों को राष्ट्रीय राजमार्ग में लिया जाएगा।

### विधायक, सांसदों के...

10 गुना हो सकती है। इसलिए, ये ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें कानून के माध्यम से हल किया जा सकता है और इससे राजनेताओं, सरकार, कार्यपालिका को लाभ होगा और यह उच्च गुणवत्ता वाले निवेश को भी सुनिश्चित करेगा।

### लाभान्वितों को सब्सिडी...

कि वहां किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी सीधी, पारदर्शी और बिना किसी बिचौलिए के दी जाती है।

### लंदन से पत्नी का...

दी। मंगलवार को मां-पिता मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सौरभ शव को बरामद किया है। लंदन के एक मॉल में नौकरी कर रहा ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर की मास्टर कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा। दरअसल, 25 फरवरी को उसकी पत्नी मुस्कान (26) जन्मदिन था। इसी को मनाने के लिए वह वापस आया था, साथ ही 28 फरवरी को बेटी पीहू (5) का जन्मदिन था। मुस्कान के मां- पिता ने पुलिस से कहा कि बेटी को फांसी दी जाए। उसे जीने का हक नहीं है।

**ताकि, कोई शक न करे...वो पहाड़ों पर घूमती रही:** पति की हत्या के बाद प्रेमी के साथ हिमाचल घूमने गई मुस्कान अपने पति सौरभ के फोन पर वॉट्सएप स्टेटस अपडेट करती रही। सौरभ के भाई राहुल उर्फ बबलू ने बताया कि वह अपने भाई का स्टेटस रोजाना वॉट्सएप पर देखता था। स्टेटस पर बर्फ के फोटो और पहाड़ों के फोटो दिखते थे। सौरभ का कोई फोटो अपलोड नहीं किया जाता था। पुलिस ने मुस्कान के कब्जे से सौरभ का मोबाइल भी बरामद कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

**सौरभ के भाई राहुल को घर में तेज बदबू आई:** राहुल ने मुस्कान से पूछा कि उसके साथ आया लड़का कौन है? जिस पर वह चुप्पी साध गई। इसके बाद राहुल घर के भीतर गया। उसे तेज बदबू महसूस हुई। वारदात के दिन पीहू घर में ही थी और और बराबर के कमरे में सो रही थी। हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है। पुलिस ने मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार कर सौरभ के शव को बरामद किया।

**खाने में नशीली चीज मिलाई, चाकू से हत्या की:** चार मार्च की रात यह कहानी पूरी तरह बदल गई। पत्नी मुस्कान ने रात के समय खाने में कोई नशीली चीज मिलाकर सौरभ को बेहोश कर दिया। इसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले अपने प्रेमी साहिल शुक्ला (28) को घर बुलाया और चाकू घोंपकर सौरभ की हत्या कर दी, फिर धारदार हथियार से शव के 15 टुकड़े किए और प्लास्टिक के ड्रम में टुकड़े डालकर डस्ट और सीमेंट से घोल बनाकर सील कर दिया। सौरभ मर्चेंट नेवी में काम करता था। वह अक्सर विदेश में जाता था। वर्ष 2020 में लंदन के एक मॉल में नौकरी करने लगा था। वर्ष 2016 में सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह हुआ था। दोनों की पांच साल की बेटी पीहू है। सौरभ पत्नी और बेटी के साथ इंदिरानगर में ओमपाल के मकान में तीन साल से किराए पर रह रहा था। पिता मुन्नालाल, भाई बबलू और मां रेनू ब्रह्मपुरी में ही अलग रह रहे हैं।

### कार्य स्थगन प्रस्ताव...

उन्हें बचना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल के बाद विपक्ष के कई सांसदों द्वारा दिए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस को अस्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य या राज्यों के मुद्दों पर नोटिस देने से स्थगन प्रस्ताव की गंभीरता समाप्त होती है। बिरला ने सांसदों से यह अनुरोध भी किया कि सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव रखने से पहले उसे सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रचारित, प्रसारित नहीं किया जाना चाहिए। सदन की गरिमा को बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रत्येक सदस्य की है।

**विपक्ष के विरोध को किया खारिज:** लोकसभा अध्यक्ष की टिप्पणी का सदन में मौजूद कांग्रेस, द्रमुक, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने विरोध जताया। जिसके जवाब में ओम बिरला ने कहा कि आप सभी विद्वान और वरिष्ठ सदस्य हैं। लेकिन अध्यक्षीय आसन से दी गई व्यवस्था को चुनौती न दिया करें।

# भाजपा सांसद ने राज्यसभा में केंद्रीय विद्यालयों में सांसद कोटा शुरू करने की मांग की, मोदी सरकार ने 2022 में खत्म किया था कोटा सिस्टम



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छह महीने पहले ही वाईआएसआर कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए आर कृष्णैया ने राज्यसभा में पूरे जोर-शोर से मांग उठाई कि सांसदों को केंद्रीय विद्यालय में दाखिला के लिए मिलने वाला कोटा जल्द शुरू किया जाए। भाजपा की ओर से ऐसी मांग उठेगी विपक्ष को उम्मीद नहीं थी लिहाजा कई विपक्षी सांसदों ने कृष्णैया की मांग का समर्थन कर दिया।

विदित हो कि वर्ष 2022 में ही शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय विद्यालय में नामांकन के लिए केवल सांसदों का कोटा ही नहीं हर तरह के कोर्ट को खत्म करने की पॉलिसी अनुशंसित की थी। तब से अब तक सांसदों का कोटा भी खत्म चल रहा है। राज्यसभा के सांसदों को देशभर में किसी भी राज्य में साल में दस बच्चों के दाखिले के कोटा का प्रावधान था जब कि लोकसभा के सांसदों को उनके ही क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय में दस छात्रों के दाखिले की अनुशंसा कर सकते थे। लंबे समय से विपक्ष कोटा बहाली की मांग कर रहा है। पहली बार है जब भाजपा के किसी सांसद ने संसद में खडे होकर ऑन रिकार्ड केंद्रीय विद्यालय में बच्चों के दाखिले के लिए खत्म किए गए सांसदों के कोटे की पुनः बहाली की मांग उठायी है। सांसद कृष्णैया ने केंद्रीय शिक्षामंत्री से आग्रह किया कि सूबे में 13 नए जिले बनने के बाद केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालयों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ाया जाना चाहिए। तमिलनाडु के वाइको ने श्रीलंका की नेवी द्वारा भारतीय मछुआरों की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस श्रीलंका की नेवी ने तमिलनाडु के 110 मछुआरों की हत्या की उसके साथ भारतीय नेवी प्रैक्टिस कर रही है।




हरियाणा सरकार
"कृषि हो या ग्रामीण विकास, इन्वेस्टमेंट हो या इंफ्रास्ट्रक्चर- हमारी सरकार ने बजट के जरिए चौतरफा विकास को एक नई गति देने का प्रयास किया है।"
- नरेन्द्र मोदी
कृषि क्षेत्र को समर्पित हरियाणा का समावेशी बजट (2025-26)
किसान हितैषी एवं कृषि प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब
किसान हित में दूरदर्शी नीतियां
प्राकृतिक खेती भूमि का लक्ष्य 25 हजार एकड़ से बढ़ाकर 1 लाख एकड़
देसी गाय खरीदने पर अनुदान राशि 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये
धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को अनुदान राशि 1000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति एकड़
मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को अनुदान राशि 7000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति एकड़
लवणीय/नमकीन भूमि पुनर्जीवित करने का लक्ष्य 62,000 एकड़ से बढ़ाकर 1 लाख एकड़
धान की सीधी बुआई पर अनुदान राशि 4000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति एकड़
2 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को मिलने वाला योजना का लाभ अब एक एकड़ पर
नॉनस्टॉप काम टॉप परिणाम
ट्रिपल इंजन सरकार, तिगुनी रफ्तार!
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## चिंतन

# सुनीता व विल्मोर की वापसी स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ माह अंतरिक्ष में रहने के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट कर नया कीर्तिमान रच दिया है। यह स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि है। भारतीय मूल की वैज्ञानिक कल्पना चावला इतनी खुशनसीब नहीं थीं, वापसी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। विलियम्स यूं तो पहले भी दो बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जा चुकी हैं लेकिन शायद ही उन्होंने यह कल्पना की होगी कि तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के बाद उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना होगा और यह घटना इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। इससे पहले विलियम्स 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व महिला बनीं। वह 2012 में अपनी दूसरी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का नेतृत्व करने वाली एकमात्र दूसरी महिला बनीं। विलियम्स ने अपने अंतरिक्ष मिशन के तुरंत बाद 2007 और 2013 सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है और उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस बार सुनीता ने अंतरिक्ष में मानवीय जीवटता और दृढ़ता का इतिहास फिर से लिख दिया है। सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह नासा, 'स्पेसएक्स' तथा अंतरिक्ष अभियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के पास अपने अंतरिक्ष अभियान में विलियम्स की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का अवसर मिल सकता है। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 'स्पेसएक्स' यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्ष यात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। दोनों नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे हैं। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्पलैशडाउन' (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। विल्मोर और विलियम्स के अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसने के बाद दुनिया का ध्यान उनकी ओर गया और 'स्टक एट वर्क' शब्द गढ़ा गया तथा उन्हें 'बुच और सुनी' जैसे नामों से बुलाया जाने लगा। इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यात्री को इतनी अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ा या उनका मिशन इतना लंबा नहीं खिंचा। सुनीता विलियम्स ने नौ बार अंतरिक्ष में चहलकदमी करके रिकॉर्ड बनाया। इस क्रम में उन्हें 62 घंटे लगे। विलियम्स ने अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा चहलकदमी करने का महिला अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे रहने का दोष किसी पर नहीं मढ़ा। यह दोनों का बड़प्पन है। यह मिशन धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। उनकी ऐतिहासिक यात्रा असाधारण साहस की कहानी है। विलियम्स की दृढ़ता और समर्पण दुनियाभर में अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## प्रेरक व्यक्तित्व

डॉ. सत्यवान सौरभ



# सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

(लेखक कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वक़्फ संस्थाओं में सुधार की जरूरत



विश्लेषण


सैयद नसरुद्दीन चिश्ती

इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक़्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।

इस्लाम का आध्यात्मिक आयाम सूफीवाद एक ऐसा मार्ग है, जो प्रेम, करुणा, मानवता की सेवा और आंतरिक शुद्धि पर जोर देता है। भारत के महान सूफी संतों, जैसे हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आरज़ेड), हजरत निजामुद्दीन औलिया (आर.ए.) और कई अन्य सूफी संतों ने सभी समुदायों के बीच शांति (अमन), सहिष्णुता और एकता के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, पंथ और धर्म से परे थीं और उन्होंने इंसानियत और आध्यात्मिक ज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन औलिया-ए-किराम द्वारा स्थापित ख़ानक़ाह और दरगाह आध्यात्मिक मार्गदर्शन, दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के केंद्र बन गए, ऐसे स्थान जहां भूखों को खाना खिलाया जाता था, बीमारों का उपचार किया जाता था और सच्चे मार्ग की खोज करने वालों को आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता था। इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। सूफीवाद और वक्फ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक तरफ, सूफी खुद को अल्लाह की सेवा में समर्पित करते हैं और दूसरी तरफ वे अपनी पूरी संपत्ति को धर्म, जाति और पंथ से परे लोगों के हित और सामाजिक कल्याण में समर्पित करते हैं।

मैं वक़्फ़ की उल्लेखनीय विरासत पर एक संक्षिप्त विचार साझा करना चाहता हूं, जिसने हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के समय से समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक संस्था जो इस्लामी इतिहास और आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। वक़्फ़ के शुरुआती और सबसे गहन उदाहरणों में से एक हजरत उस्मान ए गनी (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु) द्वारा मदीना मुनव्वरा में स्थापित किया गया था। पानी की कमी के समय में, उन्होंने बीर-ए-रुमा कुआं खरीदा और इसे वक़्फ़ के रूप में समर्पित कर दिया, जिससे इसका पानी मदीना के लोगों को आसानी से उपलब्ध हो गया। उनकी निस्वार्थ उदारता ने इस्लाम में सबसे पहले वक़्फ़ योगदानों में से एक को चिह्नित किया। इससे भी ज़्यादा प्रेरणादायक बात यह है कि हज़रत उस्मान ए गनी (आरज़ेड) का वक़्फ़ आज भी सक्रिय है, चौदह शताब्दियों से भी ज़्यादा समय बीतने के बाद भी। बीर-ए-रुमा के आस-पास की ज़मीन को वक़्फ़ घोषित किया गया था और यह खजूर की खेती सहित आधुनिक साधनों के ज़रिए आय सृजित करता है। इस वक़्फ़ से




मिलने वाली आय का उपयोग मदीना में धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें अनाथों, विधवाओं और तीर्थयात्रियों की सहायता शामिल है।

यह सदाक़ा जारिया (निरंतरे दान) का एक जीवंत उदाहरण है, जो शुरुआती वक़्फ़ के लंबे समय बाद भी पीढ़ियों को लाभान्वित करता रहा है। इस दिव्य उदाहरण का अनुसरण करते हुए, भारत के सूफी संतों ने मानवता की सेवा और समाज के उत्थान के इरादे से विशाल भूमि और संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित किया। इन वक्फ दानों ने खानकाह और दरगाहों की स्थापना, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आतिथ्य प्रदान करने, धर्म या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गरीबों को भोजन कराने के लिए लंगर (सामुदायिक रसोई) चलाने, वंचितों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, अस्पताल और औषधालय स्थापित करने, बीमार और जरूरतमंदों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने और अनाथों, विधवाओं और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पहले सूफीवाद के मूलभूत मूल्यों-सेवा, उदारता और करुणा को दर्शाती हैं और इन मूल्यों ने पूरे भारतीय इतिहास में एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण में मदद की। दुर्भाग्य से, वर्तमान समय में, भारत में कई वक्फ संपत्तियों का उपयोग मंशा-ए-वाक़िफ (दाता की मूल मंशा) के अनुसार नहीं किया जा रहा है।


कई राज्य वक्फ बोर्डों में व्यापक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण मूल्यवान वक्फ भूमि और संस्थानों की उपेक्षा, दुरुपयोग और अवैध कब्जे हुए हैं। इसने अनगिनत लोगों को उन सेवाओं और सहायता से वंचित कर दिया है, जिन्हें ये वक्फ संपत्तियां प्रदान करने के लिए बनाई गई थीं। अपने बहुत बड़े योगदान के बावजूद, वक़्फ़ संपत्तियां और दरगाह आधुनिक भारत में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। वक्फ बोर्डों के भीतर कु-प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण कई वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उनका दुरुपयोग किया गया है। वक्फ प्रशासन में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगे हैं, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। कई लोग वक्फ के महत्व और सामुदायिक कल्याण में इसकी संभावित भूमिका से अनजान हैं, जिससे वक्फ संसाधनों का कम उपयोग हो रहा है। कई वक्फ संपत्तियां स्वामित्व को लेकर कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं, जिससे सार्वजनिक लाभ के लिए उनके प्रभावी उपयोग में देरी हो रही है।

वक्फ संस्थाओं को मजबूत बनाने और सामुदायिक कल्याण में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए कुछ उपायों पर विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल रिकॉर्ड लागू करना, वक्फ प्रशासन की देखरेख करने और वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक निकायों की स्थापना करना, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संस्थानों और निजी संस्थाओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, वक्फ योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना और वक्फ से संबंधित विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो उठाए जा सकते हैं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वक्फ की विरासत और सूफीवाद की शिक्षाओं का सम्मान करें, यह सुनिश्चित करें कि ये पवित्र न्यास समाज को लाभान्वित करते रहें और शांति, प्रेम और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखें।

(लेखक दरगाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (आरए) के वंशानुगत सज्जादानशीन के उत्तराधिकारी और एआईएसएससी के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

## दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित

## प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होली, मस्जिदें और तिरपाल

जैसे ही होली के पावन अवसर पर खबर आई कि मस्जिदों पर तिरपाल ओढ़ाई गई, ख्याल आया कि मस्जिदों का सफेद रंग होने के चलते रंग-बिरंगे रंगों से वे खराब न हो जाएं, इसलिए मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों को ढका होगा। लेकिन यहां तो सांप्रदायिकता की बू आ रही है। पता चल रहा है कि वे होली के रंग अपने धर्मस्थलों पर लगवाना ही नहीं चाहते। यह धर्मान्धता है। हिंदू-मुसलमान त्योहारों को खुशी से मनाते हैं, जैसे क्रिसमस, ईद आदि, और अगर कोई त्योहार मनाते नहीं हैं तो किसी त्योहार का इस तरह तिरस्कार नहीं करते हैं। अगर मस्जिदों को ढकने का निर्णय सिर्फ प्रदूषण से बचाव है, तो ठीक है, परंतु अगर रंगों से बचाव संस्कृति से बचाव है, तो यह सही नहीं है।

*– संतोष जायसवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### संगीत दिग्गज इलैयाराजा



राज्यसभा सांसद थिरु इलैयाराजा एक ऐसे संगीत दिग्गज हैं जिनकी प्रतिभा का हमारे संगीत और संस्कृति पर बहुत बड़ा प्रभाव है। वे हर मायने में एक अग्रणी व्यक्ति हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले लंदन में अपनी पहली पश्चिमी शास्त्रीय सिम्फनी, वैलिएंट प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विलियम्स का स्वागत



पृथ्वी पर वापस आने पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। अंतरिक्ष में आपकी 9 महीने की अविश्वसनीय यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है। आपका साहस और समर्पण पीढ़ियों तक सपनों को प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### नारी सुरक्षा की व्यवस्था



सपा के शासनकाल में उप्र में शुरू हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। इससे नारी सुरक्षा की प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### सक्रिय दृष्टिकोण



भारत सरकार ने बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। ऊर्जा स्वतंत्रता और खनिज सुरक्षा के अलावा, संसाधन क्षेत्र विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन प्रदान करेगा।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# बलूचिस्तान में तीन विवि ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

## ऑफ बीट

# बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं



हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए की बैठने की विशेष सुविधा

## रेल मंत्री वैष्णव ने दी कैबिनेट फैसलों की जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि भारतीय रेलवे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों को लोअर बर्थ (निचली बर्थ) पर यात्रा की विशेष सुविधा दे रहा है। रेलवे ने इन यात्रियों की सुविधा के लिए कोटा तय किया है, जिससे उन्हें यात्रा में अधिक आराम मिले।केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को टिकट बुकिंग के समय, उपलब्धता के अनुसार, स्वचालित रूप से लोअर बर्थ दी जाती है, भले ही उन्होंने बुकिंग के दौरान इसका विकल्प न चुना हो।रेलवे ने सभी ट्रेनों में विशेष कोटा तय किया है।

### गोकुल मिशन के कार्यान्वयन को दी मंजूरी

मंत्रिमंडल ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) को मंजूरी दे दी है। संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को 15वें वित्त आयोग (2021-22 से 2025-26) के दौरान 3400 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ मंजूरी दी गई है।

### डेयरी विकास के लिएराष्ट्रीय कार्यक्रम स्वीकृत

कैबिनेट ने संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। इस कार्यक्रम के लिए केंद्र सरकार ने 1,000 करोड़ का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया है, जिससे इसकी कुल लागत बढ़कर 2,790 करोड़ हो गई है।

### महाराष्ट्र में 6 लेन हाईस्पीड हाईवे बनेगा

कैबिनेट समिति ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पागोटे) से चौक तक एक छह-लेन हाई-स्पीड ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। 29.219 किमी लंबी सड़क को बिल्ड,ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल के तहत बनाया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 4,500.62 करोड़ खर्च होंगे।

**असम में नामरूप-4 उर्वरक संयंत्र की स्थापना होगी**

मंत्रिमंडल ने ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड , नामरूप असम के मौजूदा परिसर में 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता का एक नया ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी अनुमानित कुल परियोजना लागत 10,601.40 करोड़ रुपये है तथा ऋण इक्विटी अनुपात 70:30 है।

### सृजित श्रम दिवस 3029 करोड़ रहे

## पिछले एक दशक में मनरेगा का हुआ प्रभावी क्रियान्वयनः चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के संबंध में उठाए गए विपक्षी सदस्यों के प्रश्नों के जवाब देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ है एवं बजट आवंटन में भी वृद्धि हुई है। 2013-14 में बजट बढ़कर 33,000 करोड़ हो गया और पिछले 10 वर्षों में इसमें लगातार वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष का 86,000 करोड़ रु. का आवंटन बजट सबसे अधिक बजटीय आवंटन है। 10 वर्षों में सृजित कुल व्यक्ति दिवस 3029 करोड़ रहे।

### खबर संक्षेप



#### चहल-धनश्री के तलाक पर आज आएगा फैसला

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा को तलाक के समय 6महीने की कूलिंग पीरियड से छूट देने की याचिका को मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत को चहल-धनश्री की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने का निर्देश दिया है। दोनों ने दिसंबर 2020 में शादी की थी। बताया जा रहा है कि कुछ महीनों से अलग रह रहे हैं। इसके पहले पत्नी ने चहल की एक बड़ी धनराशि की भी मांग की थी। अब कोर्ट सोमवार को फैसला देगा।

#### विज्ञान धारा योजना से 57,869 ने लिया लाभ



**नई दिल्ली।** देश के वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास क्षेत्र को बढ़ाने के लिए केंद्र ने विज्ञान धारा योजना के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। 'विज्ञान धारा' के कार्यान्वयन के लिए परिव्यय 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 10,579.84 करोड़ रुपए है। मार्च तक 57,869 लाभार्थियों ने लाभ उठाया है।

### नागपुर हिंसा मामले में दर्ज एफआईआर में बड़ा खुलासा, सीएम बोले- पाताल से खोज निकालेंगे

# दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की, पेट्रोल बम फेंके, पथराव व आगजनी की

### औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन में मचा भारी उत्पात

**सोमवार को ऐसा रहा मंजर, सिहर गया शहर**

एजेंसी ▸▸ नागपुर

यहां हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने कुछ महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए। हिंसा में दर्ज 5 एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। नागपुर में सोमवार को उस वक्त हिंसा भड़क गई थी, जब विश्व हिंदू परिषद ने मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अफवाह फैली कि प्रदर्शन के दौरान एक धार्मिक ग्रंथ को जलाया गया, जिससे हिंसा भड़क गई।

हिंसा सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे नागपुर के चिटनिस पार्क के महाल इलाके में शुरू हुई। पुलिस पर दंगाइयों की भीड़ ने पथराव कर दिया,पेट्रोल बम भी फेंके गए। दर्जनों वाहनों में आग दी। गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में एफआईआर में कहा गया कुछ लोगों ने भलदारपुरा चौक पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया। अंधेरे का फायदा उठाकर भीड़ ने एक महिला पुलिसकर्मी को छून,वर्दी फाड़ने की कोशिश की। भीड़ ने अन्य महिला पुलिसकर्मियों को गालियां दीं और आपत्तिजनक टिप्पणियां की। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों को गलत इशारे भी किए। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें हम पाताल से खोज निकालेंगे।

#### संवेदनशील इलाकों में 2000 सुरक्षाकर्मी तैनात, कर्फ्यू

हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण लेकिन शांत बने हुए हैं। साथ ही शहर के संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी है। संवेदनशील इलाकों में 2,000 से अधिक सशस्त्र पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसी तरह, त्वरित प्रतिक्रिया दल और दंगा नियंत्रण पुलिस को एक डीसीपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में गश्त पर तैनात किया गया है। वर्तमान में कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांत नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थानों के तहत आने वाले इलाकों में लागू है।



**एक अफवाह ने भड़काई आग**

#### कश्मीर पैटर्न पर की पत्थरबाजी

महाराष्ट्र गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार दावा किया गया है कि नागपुर हिंसा के दौरान पत्थरबाजी कश्मीर पैटर्न पर हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। नागपुर के पुलिस कमिश्नर रविंद्र कुमार सिंघल ने बताया कि घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा क्यूआरटी और दंगा नियंत्रण पुलिस को भी तैनात किया गया है।

**पुलिस को सफलता**

#### मास्टरमाइंड फहीम को धर-दबोचा

नागपुर हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले का मास्टरमाइंड फहीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विश्व हिंदू परिषद के आंदोलन के बाद मुस्लिम संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। फहीम शमीम शेख सोमवार दोपहर को उस विरोध प्रदर्शन में शामिल था। फहीम माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का नागपुर जिला अध्यक्ष है। सोमवार दोपहर को विरोध प्रदर्शन करने के लिए फहीम के खिलाफ आरोप दर्ज किए गए। फहीम ने 50 से 60 लोगों की भीड़ इकट्ठा कर थाने में बयान दिया था। फहीम का नाम उन 51 लोगों में शामिल हैं जिनके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

#### गडकरी के खिलाफ लड़ा था चुनाव

फहीम 2024 का विधानसभा चुनाव नागपुर से लड़ा चुका है। इस चुनाव में उसकी जमानत जब्त हो गई थी। फहीम ने 2024 लोकसभा चुनाव भी नागपुर से लड़ा था। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरा था।

#### फहीम ने किया था भीड़ का नेतृत्व



नागपुर में सोमवार को बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग फहीम खान के नेतृत्व में गणेश पेट पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुए थे। उसके बाद शहर में हिंसा भड़क उठी थी। नागपुर हिंसा के मामले में 3 पुलिस स्टेशन में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है। कुल 1250 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है जिसमें से 100 से 200

### हिंसा मामले में 60 लोग गिरफ्तार

## 27 आरोपी 21 मार्च तक पीसीआर में रिमांड पर

महाराष्ट्र में नागपुर में बीते सोमवार को औरंगजेब की कब्र विवाद को लेकर हिंसा भड़क गई थी, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। अबतक 60 दंगाइयों को गिरफ्तार किया गया है। 3 पुलिस स्टेशन में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, सीसीटीवी के आधार पर 100 से 200 लोगों को चिन्हित किया गया है। नागपुर में दंगा करने वाले 27 लोगों को कल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को 21 मार्च तक पीसीआर में रिमांड पर भेज दिया है।

#### कोर्ट में रात 2.30 बजे तक हुई सुनवाई

आरोपियों की तरफ से सीनियर एडवोकेट आसिफ कुरैशी ने जिरह की, देर रात 2.30 बजे तक यह



जिरह चलती रही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पुलिस पर हमला किया, जिन लोगों ने महिला पुलिसकर्मी के साथ छेड़खानी की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया उन्हें सजा होनी चाहिए लेकिन बेगुनाहों को सजा नहीं होनी चाहिए। जिन लोगों ने डीसीपी अर्चित चांडक,डीसीपी निकेतन कदम पर हमला किया, सरकारी संपत्ति जलाई और महिला पुलिसकर्मी के साथ गलत व्यवहार किया, उन सभी लोगों को सजा होनी चाहिए।

#### विहिप-बजरंग दल के 8 लोग अरेस्ट



नागपुर में प्रदर्शन के दौरान धार्मिक भावनाएं आहत करने में वीएचपी और बजरंग दल के 8 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। इन्होंने खुद ही पुलिस के सामने सरेंडर किया था, जिसके बाद अरेस्ट कर अदालत में पेश किया गया। इन लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और तलाश की जा रही थी।इन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने दूसरे मजहब से जुड़े लोगों की भावनाओं को आहत किया है।

## लोस में उठी कर्नाटक में सरकारी ठेकों से जुड़े मुस्लिम आरक्षण रद्द करने की मांग

### दुबे ने शून्यकाल में उठाया मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को दिए जा रहे 4 फीसदी आरक्षण को रद्द करने की मांग जोरदार अंदाज में सुनाई दी। शून्यकाल में सत्ता पक्ष की तरफ से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मामले को उठाते हुए केंद्र सरकार से मांग की कि इस पर एक कानून बनाकर आरक्षण की 4 फीसदी व्यवस्था को रद्द किया जाना चाहिए। इसका सत्ता पक्ष के कई अन्य सांसदों ने भी समर्थन किया। जबकि विपक्षी सांसद इसके विरोध में खड़े नजर आए और उनकी दुबे के साथ कुछ देर तक सदन में तीखी नोकझोंक भी हुई।

#### धार्मिक भेदभाव की व्यवस्था नहीं

दुबे ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। यह एक प्रकार से उन्हें पिछले दरवाजे से आरक्षण का लाभ देने जैसा है। कांग्रेस और उसकी गठबंधन सरकारों में यही किया जाता है। जबकि हमारे देश के संविधान में मौजूद धारा-14, 15, 16,17 और 28 धार्मिक आधार पर किसी प्रकार का कोई भेदभाव न करने की व्यवस्था पर आधारित हैं। इसलिए 4 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कानून बनाकर तत्काल आधार पर उस पर रोक लगाई जानी चाहिए।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक के विश्वविद्यालय डाटा सेंटर में तीन आउटडोर फैन्स को बदलने सहित प्रसीजन एयर कंडीशनर्स की मरम्मत। | 15.03.2025 09.04.2025 | 8000/- | https://mdu.ac.in | 01262-293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक के डाटा सेंटर कैम्पस में स्थापित स्टोरेज एनईटीएपीपी 8040बी-एक्स318ए-आर6 हेतु 8 एचडीडीएस (8 टीबी, 7200 आरपीएम, 3.5 इंच की आपूर्ति)। | 15.03.2025 11.04.2025 | 5000/- | https://mdu.ac.in | 01262-293035 dir.ucc@mdu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33040/I/88/7 दि. 19.03.25


### किसान को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर मिल रहा फसली ऋण

## धान की जगह वैकल्पिक फसलों को अपनाने पर किसानों को मिलेंगे 8000 रुपएः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान हित में जितने निर्णय पिछले 10 वर्षों में वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा लिए गये हैं उतने पहले की सरकारों ने कभी नहीं लिए गए। उन्होंने कहा कि मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए किसानों को अब 8000 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो पहले 7000 रुपए प्रति एकड़ थी। इतना ही नहीं, किसानों को सहकारी बैंकों से जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

मुख्यमंत्री बुधवार को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान इनेलो के विधायक आदित्य देवीलाल द्वारा प्रदेश के किसानों पर फसली ऋण के बारे पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत करवाया कि हरको बैंक व अन्य सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को फसली ऋण 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जाता है, परंतु यह ब्याज की राशि 4 प्रतिशत हरियाणा सरकार द्वारा तथा 3 प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा किसान हित में निरंतर लिए जा रहे निर्णयों के फलस्वरूप पिछले 10 वर्षों में किसान की पैदावार में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सब्सिडी देकर टपकन व फव्वारा सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा, 10 वर्षों में पहली बार सिंचाई के लिए अंतिम टेल तक पानी पहुंचने काम वर्तमान सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### कांग्रेस कार्यकाल में 20 पदों की भर्ती का मामला

## हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर भर्ती को लेकर महाविधवक्ता की राय लेंगे

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों की भर्ती को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के सम्बन्ध में महाविधवक्ता की राय ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट के निर्णय की अनुपालना में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग मामले की जांच किसी स्पैसलाइजड एजेंसी से करवा सकता है तो सरकार उन्हें तुरंत सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री बुधवार को हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में इस भर्ती प्रक्रिया पर उठाए गए मुद्दे पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2011 में एक व्यक्ति ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाए कि वर्ष 2008 में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टरों के 20 पदों के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू करके जो रिजल्ट निकाला था उस प्रक्रिया में कई धांधलियां हुई। लिखित परीक्षा में अव्वल आने के बावजूद इंटरव्यू में कम नंबर दिए गए। याचिकाकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि दो चयनित उम्मीदवारों ने लिखित परीक्षा स्वयं नहीं दी थी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यदि इस निर्णय से संतुष्ट नहीं है तो अपील करना उसका कानूनी अधिकार है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि न्यायालय ने याचिकाकर्ता के सारे आरोपों की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मे प्रतिरूपण के इस आरोप पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने कहा कि लिखित परीक्षा की अटेंडेंस शीट अब उपलब्ध नहीं है। इसलिए इसकी जांच के लिए दोनों चयनित उम्मीदवारों की हैंडराइटिंग का सैंपल लेकर उत्तर पुस्तिका में दर्ज लिखाई का फॉरेंसिक मिलान किसी स्पेशलाइज्ड एजेंसी द्वारा किया जाना चाहिए। इस पर अपने निर्णय में लिखा कि कोर्ट जांच एजेंसी का काम नहीं कर सकती। कर्मचारी चयन आयोग के पास तथ्यों की जांच करवाने की स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में सरकारी नौकरी में भर्ती प्रक्रिया ठीक नहीं थे। उस समय योग्य युवाओं के साथ शोषण होता था और गरीब का बच्चा तो सरकारी नौकरी की सोच भी नहीं सकता था।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-3, चण्डीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास (मकान नं. 1) में लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव + 13 अन्य कार्य। | 19.03.2025 25.03.2025 | 130.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव गेहलब, गांव गुरकेसर और गांव कुंडल (ग्रुप-1) में जीवीडी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX) (बिना जीएसटी) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 459.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला पानीपत गांव इसराना में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (केवल ईएलवी सेवाएं का प्रावधान)। | 19.03.2025 08.04.2025 | 144.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल के लघु सचिवालय में ई-दिशा केन्द्र का निर्माण। (केवल भू-तल) (शेष ई.आई. सामग्री का प्रावधान)। | 19.03.2025 27.03.2025 | 7.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल में ज्यूडिशियल कोर्ट परिसर में 4 अदद 10 सवारियों वाली लिफ्टों को बदलना और अग्नि अलॉर्म प्रणाली को बदलना (केवल अग्नि अलॉर्म प्रणाली का प्रावधान) + 2 कार्य। | 19.03.2025 02.04.2025 | 257.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बालसमंद रोड की 4 लेनिंग का कार्य। (एमडीआर-107) हिसार बाईपास से गांव हिन्दवान मोड़ आरडी 3700 से 11000 (रोड आईडी 4873) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (केवल शिफ्टिंग और 2 अदद बैले ब्रिज की स्थापना / लॉचिंग) (साइज स्पैन 50 फुट प्रत्येक) बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी पर। | 18.03.2025 24.03.2025 | 2.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225133 pwd-eemd-hissar@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | खरैंटी माइनर के आरडी 3800 से 5200 तक आरसीसी एनपी 3 800 मिमी डाया पाइप लाइन को बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 29.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एसकेएफ / एफएजी / एआरबी / एनबीसी मेक के बेरिंग की आपूर्ति। हार्डवेयर मदों अर्थात एचटी कपलिंग बोल्ट्स और नट्स, एम्पायर टेप कॉपर थिम्बल इत्यादि की आपूर्ति। | 19.03.2025 04.04.2025 | 13.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmai.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | एमएसएमई के डायरेक्टरेट हरियाणा के आवश्यकतानुसार एक्सपोर्ट योजना हेतु ट्रेड संरचना के तहत क्वालिटी मार्किंग सेंटर फरीदाबाद की अपग्रेडेशन हेतु विभिन्न मशीनरियों की खरीद। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 55 मी. के टर्न टेबल लैडर प्लेटफार्म (वर्किंग हाइट) की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 70 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 55 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म के साथ रेस्कूलेडर की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 42 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म के साथ रेस्कूलेडर की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 90 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | कुरूक्षेत्र में कल्पना चावला मैमोरियल प्लेनेटेरियम हेतु प्रोजेक्शन प्रणाली, शोज और सहायक मदों की खरीद। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | डीएएसपीडब्ल्यूडी द्वारा वांछित मिट्टी और जल की सैम्पलों की टेस्टिंग हेतु 2 वर्ष की दर अनुबंध द्वारा कैमिकल रिफिलिंग कीट्स की आपूर्ति हेतु प्रबंधन। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | राजकीय बहुतकनीकियों में मैकेनिकल और वर्कशॉप कोर्सेज हेतु मशीनरी और उपकरणों (एम एंड ई) की खरीद। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | इन्द्री गांव मनहेड़ा पीएफ में पंचायती भूमि पर चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 18.03.2025 05.04.2025 | 69.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/360/33044/I/88/7 दि. 19.03.25

# आईपीएल-18 : कप्तान बदला... खिलाड़ी बदले... अब लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली और पंजाब को पहले खिताब की आस, छह टीमें बन चुकीं चैंपियन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं। चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं।



## बेंगलुरु को 'रजत से गोल्ड' का भरोसा

आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना है। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे है। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## लखनऊ को पंत-जहीर का साथ

लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को टीम का नया कप्तान बनाया है। उन्होंने केएल राहुल की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लखनऊ के साथ पहले सत्र में शुरुआत में दबाव में होंगे। उनकी तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मयंक यादव, आवेश खान और मोहसिन खान की फिटनेस संदेह के घेरे में है। इसके बाद उनके बेड़े में मुख्य गेंदबाज आकाशदीप, शामार जोसेफ और रवि बिश्नोई ही बचते हैं। हालांकि लखनऊ के पास मेंटर के रूप में दिग्गज जहीर खान हैं। जस्टिन लेंगर हेड कोच की भूमिका में बरकरार रखे गए हैं।

## अक्षर बदलेंगे दिल्ली की किस्मत

दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं, इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन को उन्होंने मेंटर की जिम्मेदारी है। मैथ्यू मॉट्स सहायक कोच होंगे और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच होंगे। यही नहीं अनुभवी फॉफ डुप्लेसिस उनके उपकप्तान होंगे।

## पंजाब ने अय्यर को दिया श्रेय

पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिग को हेड कोच बनाया है। देखना होगा कि श्रेयस और पोंटिंग की जोड़ी पंजाब की किस्मत बदल पाती है या नहीं है। पंजाब ऐसी टीम है, जिसने प्रभसिमरन और शशांक को रिटेन रखते हुए बाकी पूरी टीम बदल डाली। उन्होंने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग कर बरकरार रखा।

## सलमान, कैटरीना और माधुरी आईपीएल में मचाएंगे धमाल, इस बार 13 शहरों में होगी ओपनिंग सेरेमनी !

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को कोलकाता में होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा. पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इस बार टूर्नामेंट में सभी 13 वेन्यू पर 13 ओपनिंग सेरेमनी कराई जा सकती हैं। इस दौरान सलमान खान, वरुण धवन, कैटरीना कैफ, तृप्ति डिमरी, अनन्या पांडे, माधुरी दीक्षित, जान्हवी कपूर, अरिजीत सिंह और श्रद्धा कपूर जैसे बड़े स्टार धूम मचा सकते हैं। दिशा पटानी का नाम तय हो गया है।

### 8 शहरों में हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना है। ऐसे में यहां ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल, करन औजला और दिशा पाटनी के आने की भी खबर है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब एक से ज्यादा आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी होने जा रही हैं। इससे पहले 2017 सीजन में सभी 8 शहरों में यह सेरेमनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई टूर्नामेंट को एक नया टच देना चाहती है। इससे सभी शहरों में मौजूद लोग ओपनिंग सेरेमनी का आनंद ले पाएंगे। हर एक वेन्यू के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शनी का मौका दिया जाएगा।

## ऑलराउंडर ही 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में खेलेगा मैच : पंड्या

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है।

## सूर्यकुमार पहले मैच में करेंगे कप्तानी, हार्दिक पर लगा बैन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में टीम के धीमी ओवर गति उल्लघंन के लिए एक मैच के लिए निलंबित हैं। इससे वह मौजूदा चरण का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे जिससे इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव उठाएंगे। मुंबई इंडियंस रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। सूर्यकुमार राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को घरेलू मैदान पर हाल में इंग्लैंड पर 4-1 से जीत दिलाई।

विदेशी दौरे पर परिवार

# कोहली की निराशा के बाद भी नियम में नहीं होगा बदलाव



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 1-3 से करारी शिकस्त के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने के लिए नए नियम बनाए थे। इन नीतियों पर हाल ही में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि जब खिलाड़ी दौरे के दौरान खराब दौर से गुजर रहा होता है तो उस वक्त परिवार के सदस्य की भूमिका अहम हो जाती है।

अब इस मुद्दे पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया का बयान आया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने को लेकर बनाए गए नियम में कोई बदलाव नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत को मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नए नीतियां बनाई थी। इसके तहत 45 दिन के दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य अधिकतम दो सप्ताह तक ही साथ रह सकते हैं। इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। बीसीसीआई के इस नियम पर बात करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी के कार्यक्रम के दौरान कहा था कि, लोगों को यह समझाना बहुत कठिन है कि जब भी बाहर हो और आपके साथ कुछ अच्छा नहीं हो रहा है तो उस वक्त परिवार का साथ रहना कितना जरूरी है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस बात की समझ है कि यह किस हद तक प्रभाव डालता है।

### 'नहीं बदलेगी नीति' : बीसीसीआई

कोहली के इस बयान पर बात करते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने क्रिकबज से कहा, इस समय मौजूदा नीति बरकरार रहेगी। क्योंकि यह राष्ट्र और हमारी संस्था बीसीसीआई दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीसीसीआई मानता है कि कुछ असंतोष या अलग-अलग राय हो सकती है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। नीति सभी टीम सदस्यों - खिलाड़ियों, कोचों, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और इसमें शामिल सभी लोगों पर समान रूप से लागू होती है - और इसे सभी के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है।

## नोवाक जोकोविच के संघ ने टेनिस आयोजकों पर किया मुकदमा

**मियामी गार्डन्स।** पेशेवर टेनिस के प्रभारी समूहों को /"कार्टेल/" कहते हुए, नोवाक जोकोविच द्वारा सह-स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने न्यूयॉर्क में संघीय अदालत में महिला और पुरुष टूर्स, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और खेल की अखंडता एजेंसी के खिलाफ एक अविश्वास मुकदमा दायर किया। पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों के संघ ने इसमे कहा कि खेल का संचालन करने वाले संघठनों ने खिलाड़ियों के भुगतान और खेलने के हालात पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। इसमें यह भी कहा गया कि उनकी व्यवस्था "राज्य और संघीय कानून का सरासर उल्लंघन" है जो "पेशेवर टेनिस की सामान्य बाजार की ताकतों से रक्षा करती है और पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के उनके अधिकार से वंचित करती है। उन्होंने मामले की जूरी द्वारा सुनवाई की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों की कमाई बढ़नी चाहिए क्योंकि चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों (विम्बलडन, अमेरिकी ओपन, फ्रेंच ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन) और अन्य पेशेवर टूर्नामेंटों का संचालन करने वाली ईकाइयों ने पुरस्कार राशि की सीमा तय कर रखी है और कोर्ट से इतर भी खिलाड़ियों की कमाने की क्षमता पर उनका नियंत्रण है।

## अभिषेक-वरुण टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बरकरार

**दुबई।** भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा। हार्दिक पंड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है ।



हलक में अटकी सांसें, चिंता में लोग डूबे

# 1900 डिग्री तापमान... 7 मिनट के लिए टूटा संपर्क, जब सुनीता सहित चार अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के दौरान मंडराया कल्पना चावला जैसा खतरा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सकुशल धरती पर लौट आए। जिसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, उपलब्धि के इन पलों के बीच एक समय ऐसा भी आया जब लोग चिंता में डूब गए। बुधवार तड़के स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल अंतरिक्ष यात्री निक हेग, बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव को धरती पर वापस लाने वाला ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट पर उतरा। अंतरिक्ष से धरती तक का यह सफर 17 घंटे का था। लेकिन लैंडिंग की इस प्रक्रिया में सांसें थामने वाला 7 मिनट का एक पल भी था। जैसे ही स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया तो उसका तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया। यह वह समय था जब सात मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हो गया।

स्पेसक्राफ्ट का पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश बहुत ही निर्णायक

तापमान अधिक होने से स्पेसक्राफ्ट के क्रैश होने की आशंका बढ़ जाती

## साल 2003 में अंतरिक्ष यान कोलंबिया के साथ हुआ था ऐसा हादसा



*हालांकि, यह सामान्य है लेकिन चुनौतीपूर्ण चरण होता है। इस दौरान नासा का स्पेसक्राफ्ट से संपर्क नहीं रहता। स्पेसएक्स के ड्रैगन के साथ भी ऐसा ही हुआ। सात मिनट बाद ही बुधवार तड़के लगभग 3:20 बजे स्पेसक्राफ्ट से संपर्क फिर से बहाल हुआ। एक फरवरी 2003 को नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया के साथ इसी दौरान हादसा हुआ था, जब पृथ्वी के वायुमंडल में घुसते ही अंतरिक्षयान क्रैश हो गया था, जिसमें कल्पना चावला दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। ऐसे में यह समय किसी भी स्पेसक्राफ्ट के लिए बहुत सावधानी भरा होता है।*

**जानिए क्या है कम्युनिकेशन ब्लैकआउट?**

जब भी कोई स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल से प्रवेश करता है तो उसकी रफ्तार लगभग 28000 किमी प्रति घंटे की होती है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है। इसी घर्षण की वजह से कैप्सूल का तापमान और बढ़ता है, जिससे स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो जाता है। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट का मिशन कंट्रोल से सिग्नल टूट जाता है। इस बीच यान का किसी तरह से संपर्क नहीं रहता।

### सबसे लंबे समय तक स्पेसवॉक करने वाली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं सुनीता, 62 घंटे 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया

59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने 62 घंटे 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया, जो किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री की तरफ से किया गया सबसे लंबा समय है। स्पेसवॉक का अर्थ है, आईएसएस के बाहर खुले अंतरिक्ष में बिताए गए घंटे। सुनीता ने ताजा मिशन में 16 और 30 जनवरी को दो महत्वपूर्ण स्पेसवॉक किए, जिनमें से एक 5 घंटे 26 मिनट और दूसरा 6 घंटे का था। मिशन के दौरान उन्हें आईएसएस का कमांडर भी बनाया गया, जो किसी भी अंतरिक्ष यात्री के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। सुनीता विलियम्स अब तक नौ बार स्पेसवॉक में हिस्सा ले चुकी हैं, जो कि पेगी व्हिट्सन के 10 स्पेसवॉक से कम है। हालांकि, अवधि में सुनीता का रिकॉर्ड पेगी से आगे है। नासा के अनुसार, सुनीता विलियम्स और उनकी टीम ने 150 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों पर 900 घंटे से अधिक शोध कार्य किया। इस दौरान उन्होंने आईएसएस पर बागवानी जैसे कार्यों में भी हिस्सा लिया।

### सर्वाधिक दिनों तक रहने वाली दूसरी अंतरिक्ष यात्री

सुनीता विलियम्स अब तक तीन बार अंतरिक्ष मिशन पर जा चुकी हैं। इनमें 2006, 2013 और 2024 के स्पेस मिशन शामिल हैं। जहां उन्होंने कुल मिलाकर 608 घंटे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए हैं। नासा के किसी अंतरिक्ष यात्री के लिहाज से यह अंतरिक्ष में दूसरी सबसे ज्यादा अवधि है। अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों में उनसे आगे सिर्फ पेगी व्हिटमोर हैं, जिन्होंने आईएसएस पर 675 दिन बिताए हैं। एक बार में 286 दिन तक अंतरिक्ष में रहकर सुनीता नासा की रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रपति एर्दोगन का बड़ा प्रतिद्वंद्वी गिरफ्तार



**इस्तांबुल।** तुर्की पुलिस ने बुधवार को इस्तांबुल के मेयर और कई अन्य प्रमुख हस्तियों को कथित भ्रष्टाचार तथा आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस्तांबुल के मेयर विपक्ष के लोकप्रिय नेता हैं और राष्ट्रपति एर्दोगन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। यह तुर्की में विपक्ष की उठती आवाजों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई की बढ़ती घटनाओं का एक हिस्सा है। उन्हें आतंकी समूह की मदद करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है।

### मोदी की विदेश नीति की तारीफ पर कायम थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख की आलोचना करने वाले अपने पुराने नजरिए को गलत माना था। उनके अपनी गलती मानने पर कांग्रेस में ही सवाल उठने लगे थे, जिस पर उन्होंने सफाई दी है और कहा कि यह राजनीतिक मामला नहीं है। थरूर ने कहा कि मैं एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी और वह इसमें कोई राजनीति नहीं देखते। रूस यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद भारत के रुख का विरोध करना उनके लिए शर्मिंदगी भरी बात साबित हुआ है।

---

मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे से पूर्वोत्तर क्षेत्र में एकजुटता और विकास को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका*

*भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बना रहा*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर सीमावर्ती इलाकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में उन्होंने इस हाईवे को पूरे क्षेत्र और देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की भूमिका को स्वीकार किया और इस क्षेत्र के योगदान और इसकी प्रगति को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला सुरंग शामिल है, जो असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ती है। इसके अलावा, अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे के खुलने से यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। लगभग 2,000 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग भारत के लिए एक रणनीतिक और आर्थिक परिसंपत्ति के रूप में काम करेगा। सरकार द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं का ही परिणाम है कि पूर्वोत्तर तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है।

## मेजर बॉब खाथिंग असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखने, एकजुट रहने, सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निडरता से आगे बढ़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह मेजर बॉब खाथिंग के मूल सिद्धांत थे और वह एक असाधारण व्यक्तित्व थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके नेतृत्व और सुधारों से आज भी सरकार को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापना हुई और जनता और सरकार के बीच दूरी कम हुई।*

## डिजिटल इंडिया से सरकारी सेवाएं लोगों के लिए सुलभ हुई

रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार विदेश नीति और प्रशासन में भी मेजर खाथिंग के सिद्धांतों को अपना रही है। उन्होंने बताया कि भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बनाकर अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत कर रहा है। प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' और 'गुड गवर्नेंस' जैसी पहल से प्रशासन अब जनता के करीब आ गया है। उन्होंने डिजिटल इंडिया और जैम ट्रिनिटी (जन धन-आधार-मोबाइल) का भी उल्लेख किया, जिससे सरकारी सेवाएं अब लोगों के लिए अधिक सुलभ और सरल हो गई हैं।

### शांतिपूर्ण ढंग से अनुच्छेद 370 हटाया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक शामिल किया और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा- अनुच्छेद 370- को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। यह कार्य सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से किया गया।*

---

रायसीना संवाद में बोले एस. जयशंकर

# 'टैरिफ व प्रतिबंध' अब अपने हितों की रक्षा के शक्तिशाली उपकरण बने



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है, जहां नीतियां और प्रतिबंध एक नए दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन गए हैं। जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान पैनल चर्चा 'कमिसार और पूंजीपतिः राजनीति, व्यापार और नई विश्व व्यवस्था के दौरान यह टिप्पणी की।

### क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं

जयशंकर ने कहा कि यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आप अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। दुनिया भर में विकसित हो रहे वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं। यदि आप अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखें, तो मुझे लगता है कि आज की संस्कृति एक दशक पहले की तुलना में कम संयमित है। इससे पहले 13 मार्च को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने विभिन्न देशों की ओर से अमेरिका पर लगाए गए टैरिफ पर दुख जताते हुए भारत की ओर से अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया था।

### डिजिटल युग में राष्ट्रीय सुरक्षा जरुरी

विदेश मंत्री ने डिजिटल व्यापार पर भी अपना तर्क देते हुए कहा कि डिजिटल युग में मुझे लगता है कि सिर्फ लागत के बारे में नहीं है बल्कि सुविधा के बारे में बात होनी चाहिए क्योंकि यह भरोसे के बारे में है। यदि आप आज रणनीतिक स्तर पर गंभीर व्यापारिक बातचीत को देख रहे हैं, तो आप लचीलापन, विश्वसनीयता और पारदर्शिता को ध्यान में रखेंगे। इसलिए आप उन लोगों के साथ अधिक से अधिक व्यापार करना चाहते हैं जिनके साथ आप सुरक्षित हैं। जयशंकर ने कहा कि हर भागीदार कुछ जोखिम पेश करता है, लेकिन आप उन लोगों के साथ जोखिम लेना पसंद करेंगे जहाँ आपके हित विरोधाभासी नहीं हैं।

---

पाक एजेंसी आईएसआई के लिए कर रहा था काम

# एटीएस ने कानपुर ऑर्डनेंस फैक्टरी कर्मी को किया अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कानपुर

यूपी एटीएस ने ऑर्डनेंस फैक्टरी, हजरतपुर फिरोजाबाद में कार्यरत रविंद्र कुमार को गिरफ्तार गया था। आरोपी कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा के साथ षड्यंत्र कर ऑर्डनेंस फैक्टरी की गोपनीय और संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज साझा कर रहा था। इसी क्रम में एटीएस उत्तर प्रदेश को जानकारी मिली थी कि रविंद्र कुमार कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से ऑर्डनेंस फैक्टरी, कानपुर में कार्यरत कुमार विकास भी जुड़ा है और ऑर्डनेंस फैक्टरी की गोपनीय सूचनाएं व दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से कथित पाकिस्तानी एजेंट को उपलब्ध करा रहा है। एटीएस के पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुमार विकास पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात कानपुर ऑर्डनेंस फैक्टरी में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर नियुक्त है। यह जनवरी 2025 में कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आया था।

### लूडो एप का इस्तेमाल करता था



उक्त कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा (छद्म नाम) द्वारा खुद को भारत हैवी इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड में कार्य करना बताकर व्हाट्सएप मैसेंजर पर बातचीत कर मोबाइल नंबर साझा किए गए। अभियुक्त कुमार विकास द्वारा पाकिस्तानी कथित एजेंट नेहा शर्मा से गोपनीय रूप से वार्ता करने के लिए लूडो एप का इस्तेमाल किया जाता था।

### गोपनीय जानकारियां एजेंट को भेजीं

*कथित एजेंट के कहने पर पैसों के लालच में अभियुक्त कुमार विकास द्वारा ऑर्डनेंस फैक्टरी के डॉक्यूमेंट्स, उपकरणों व निर्माण होने वाले गोला बारूद, कानपुर के कर्मचारियों की अटेन्डेंस शीट, ऑर्डनेंस फैक्टरी कानपुर के अंदर मशीनें व ऑर्डनेंस फैक्टरी कानपुर की प्रोडक्शन संबंधी चार्ट आदि की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को भेजी गई है।*

---

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया

# गाजा के हालात पर भारत ने जताई चिंता, कहा- सभी बंधकों की रिहाई होनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बुधवार को गाजा में बढ़ते संघर्ष और मानवीय त्रासदी के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की आपूर्ति जारी रखने का भी आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। वहीं, भारत शुरुआत से ही इस मामले में दो राज्यों पर आधारित समाधान के पक्ष में रहा है। गौरतलब है कि गाजा के मामले पर भारत का यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब इजरायल ने बीते मंगलवार को गाजा में भीषण हवाई हमले किए थे। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से इजरायल द्वारा किए गए हालिया हमलों में 400 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। उसका यह कार्रवाई इस साल 19 जनवरी से लागू हुए संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए की गई है। खुद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि उन्होंने इन हमलों की अनुमति दी थी। क्योंकि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार को सुरक्षित करने के प्रस्तावों को मानने से इंकार कर दिया था। संघर्ष विराम समझौता तीन चरणों पर आधारित है। करीब छह सप्ताह पहले दोनों पक्षों के बीच इसके दूसरे चरण पर बातचीत शुरू हुई थी। लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

---

## तटीय इलाकों में पहुंचा फ्लेमिंगो का झुंड



**चेन्नई।** तमिलनाडु के थूथुकुडी (तूतीकोरिन) के तटीय इलाकों में फ्लेमिंगो का एक बड़ा झुंड पहुंचा है। अपने आकर्षक गुलाबी पंखों के लिए जाने जाने वाले ये पक्षी इस क्षेत्र के समृद्ध संसाधनों का लाभ उठाते हुए प्रजनन और भोजन के लिए यहां आए हैं। दरअसल, फ्लेमिंगो का यह झुंड खारे पानी के निकायों और नमक के मैदानों से आकर्षित हुआ है, जो इन प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करते हैं। अक्टूबर से मार्च तक, तटीय शहर के नमक के मैदान फ्लेमिंगो के लिए आदर्श भोजन स्थल बन जाते हैं। अफ्रीका, दक्षिणी एशिया, मध्य पूर्व और दक्षिणी यूरोप के विभिन्न हिस्सों से बड़े फ्लेमिंगो थूथुकुडी में प्रवास करते हैं। केकड़े, झींगा, कीड़े, कीड़े और कंद जैसे खाद्य स्रोतों की उपलब्धता के कारण फ्लेमिंगो इस क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं। तूतीकोरिन बीच रोड के पास अलायथी वन इन पक्षियों के लिए एक प्रसिद्ध घोंसला बनाने की जगह है।

---

फर्जी पासपोर्ट रैकेट उजागर

# 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया। देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। शहर पुलिस ने बताया कि एजेंसियों को इन 69 घुसपैठियों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जांच अधिकारियों को शक है कि इनमें से कुछ वे 'आर्थिक शरणार्थी' हैं जो आजीविका कमाने के लिए रास्ते तलाश रहे हैं और दूसरे वे जो बांग्लादेश से संचालित होने वाले भूमिगत आतंकी समूहों से है और वे स्लीपर सेल स्थापित करने यहां आए।




---

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स ने भारत के प्रयासों को सराहा कहा

# ग्लोबल हेल्थ और विकास में डिजिटल समाधान तैयार कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल अपने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का निर्माण कर रहा है, बल्कि ऐसे समाधान भी बना रहा है, जिनमें ग्लोबल हेल्थ और विकास को बदलने की क्षमता है। गेट्स फाउंडेशन और महिला सामूहिक मंच के सहयोग से सीआईआई द्वारा आयोजित एक वैश्विक मंच पर बोलते हुए, बिल गेट्स ने इनोवेशन, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी में भारत के लीडरशिप की सराहना की। इस मंच के साथ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका के मद्देनजर ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर, पॉलिसी मेकर्स और इन्वेस्टर्स एक साथ आए।

*स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन में भारत की अहम भूमिका*

*भारत एआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से आगे बढ़ रहा*

## भारत इनोवेटिव सॉल्यूशन बढ़ाने पर दे रहा जोर



गेट्स ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा, एआई-संचालित निदान और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी लीडिंग भूमिका के साथ भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर भारत के इनोवेटिव सॉल्यूशन को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए एक मॉडल

गेट्स ने भारत की तीव्र प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंक्लूसिव आर्थिक विकास और तकनीकी सफलताओं को दुनिया के लिए एक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भविष्य की ओर देखते हुए, गेट्स ने वैश्विक स्तर पर एआई, स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सफलताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए अपने फाउंडेशन के कमिटमेंट की पुष्टि की।

**गेट्स के नेतृत्व की सराहना की**

अलायंस फॉर ग्लोबल गुड जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी की अध्यक्ष स्मृति ईरानी ने फाउंडेशन और गेट्स के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही सोशल इनोवेशन के लिए निवेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ईरानी ने कम लागत वाले, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान लाने में भारत की शक्ति के बारे में बात की, जो स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109